डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम

₹94000 01 किलो

सेंसेक्स 81,709.12 -56.74 | डॉलर 84.668 -0.021

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 09 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-55, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 अगले 2 से 3 वर्षों में देश में तेजी...

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर जताया शोक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता और नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन की दुःखद सूचना मिली। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।

### सत्र के पहले कांग्रेस को मिल जाएगा विधायक दल का नेता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र की शुरूआत से पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस को विधायक दल का नेता मिल जाएगा। विधायक दल की बैठक पहले ही हो चुकी है और इस पद के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत कर दिया गया है। माना जा रहा है कि रविवार की रात अथवा सोमवार की सुबह तक विधायक दल के नेता का चयन कर लिया जाएगा। विधानसभा सत्र के पहले सीएम आवास में सत्ताधारी विधायकों की बैठक बुलाई गई है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी सत्र की रणनीति बनाने में जुट गई है।

**3 विधायकों के नाम पर चर्चा :** कांग्रेस के विधायक दल के नेता के लिए प्रमुख तौर पर तीन लोगों के नाम चल रहे हैं, जिसमें प्रदीप यादव, डॉ. रामेश्वर उरांव और नमन विक्सल कोंगाड़ी के नाम शामिल हैं। प्रदीप यादव का लंबा अनुभव देखते हुए उन्हें विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कोंगाड़ी को विधायक दल का उप नेता बनाने की भी चर्चा है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस पद के लिए प्रबल दावेदार पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव भी हैं। उरांव को अभी कैबिनेट से मुक्त कर दिया गया है और इस कारण से उनकी नाराजगी भी संभव है। यही कारण है कि उन्हें विधायक दल का नेता बनाकर भरपाई की जा सकती है। जो भी हो, सोमवार तक परिणाम आने की पूरी संभावना है।

## मंत्री संजय सेठ धमकी मामले का खुलासा

# बेटी के बॉयफ्रेंड को फंसाने के लिए पिता ने रची थी साजिश, गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को 50 लाख की रंगदारी देने नहीं तो तीन दिनों के अंदर जान से मारने की धमकी मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा करते हुए आरोपी मिनाजुल को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से यह सफलता पाई। मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि कांके थाना क्षेत्र स्थित रहने वाला मिनाजुल नाम के व्यक्ति ने अपने बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए मोईज के नाम से इश्यू सिमकार्ड से मंत्री संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी वाला मैसेज भेजा था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिनाजुल की



बेटी का मोईज नाम के लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस वजह से मिनाजुल मोईज से नाराज रहता था। मोईज ने लड़की को एक मोबाइल और अपने नाम से जारी एक सिमकार्ड भी दिया था। इसी दौरान मिनाजुल ने मोईज को फंसाने के नियत से अपनी बेटी के मोबाइल से सांसद को धमकी वाला मैसेज भेज दिया।

### दिल्ली पुलिस जांच के लिए पहुंची रांची

शुक्रवार शाम चार बजे के करीब रक्षा राज्यमंत्री के मोबाइल पर ये धमकी वाला मैसेज आया। उस समय मंत्री संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेने नई दिल्ली में थे। मंत्री ने तुरंत मामले की जानकारी दिल्ली पुलिस को दी साथ ही झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को भी उन्होंने इसकी सूचना दे दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इसमें पता चला कि धमकी वाला मैसेज रांची के कांके स्थित होचर से आया है। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम जांच के लिए शनिवार को रांची पहुंची। शनिवार को रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गई। फोन नंबर के लोकेशन के आधार पर पुलिस ने मिनाजुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसी क्रम में पूरे मामले का रविवार को खुलासा हुआ। उसके बाद मिनाजुल को गिरफ्तार कर लिया गया। झारखंड पुलिस भी इस पूरे मामले में सक्रिय रही और डीजीपी स्वयं इसकी मानिटरिंग करते रहे।

# टोल कर्मियों ने सीओ के साथ दुर्व्यवहार किया, प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने टोल प्लाजा कर्मियों के विरुद्ध हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सीओ ने टोल कर्मियों पर बिना कारण उन्हें मेदिनीनगर जाने से रोकने, दुर्व्यवहार करने तथा गाड़ी को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में सीओ ने कहा है कि वह 4 दिसंबर को खनन टास्क फोर्स की बैठक में शामिल होने निजी वाहन से मेदनीनगर जा रहे थे। अपराह्न 3 बजे हरिहरगंज



टोल प्लाजा पर कर्मियों द्वारा मशीन खराब होने का हवाला देकर किसी भी वाहन को आगे नहीं जाने दिया जा रहा था। उन्होंने अपना परिचय देकर बैठक में जाने की बात कही। इसके बावजूद टोल कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया व वाहन को भी नुकसान पहुंचाया। टोल कर्मियों के कारण 20 मिनट तक सड़क पर रोक के रखा। प्राथमिकी में सीओ ने दुर्व्यवहार करने वाले टोल कर्मियों को देखने के बाद पहचान लेने की बात कही है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उक्त मामले की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# विधानसभा का पहला सत्र आज से, बिना नेता प्रतिपक्ष चलेगा सदन

- कई मायनों में अलग होगा इस बार झारखंड विधानसभा का स्वरूप
- बाबूलाल मरांडी भी नेता प्रतिपक्ष मुद्दे पर खुलकर बोलने से बचते रहे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र सोमवार (9 दिसंबर) से शुरू हो रहा है। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र की तस्वीर कई मायनों में पहले से अलग होगी। सत्र के पहले दो दिन के कार्य दिवस में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। विधानसभा के पहले सत्र में नेता प्रतिपक्ष भी संभवतः नहीं होगा, क्योंकि प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं किया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बैठक के पहले भी नेताओं ने स्पष्ट नहीं किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी इस मुद्दे पर कुछ खुलकर बोलने से बचते रहे। विधानसभा की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के विधायक भी फिलहाल बगैर नेता हैं लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि सत्र शुरू होने से पहले ये मामला सुलझा लिया जाएगा।

**नहीं दिखेंगे एंग्लो इंडियन समुदाय के प्रतिनिधि :** इस बार सदन में सदस्यों की संख्या 82 की बजाय 81 होगी। इसकी वजह यह है कि शेष पेज 11 पर



### प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी विधायकों को दिलाएंगे शपथ



12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दो दिन के कार्यदिवस में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इन्हें प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे। दूसरे दिन 10 दिसंबर को विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पेश करेंगे अनुपूरक बजट



संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इसके बाद सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सत्र के अंतिम कार्यदिवस में 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा।

### 20 विधायक पहली बार विधानसभा पहुंचे

बेरमो के विधायक अनूप सिंह ने कहा कि पहली बार विधायक बने नेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और संसदीय कार्यप्रणाली के बारे में बताया जाएगा। संभवतः मुख्यमंत्री स्वयं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव पेश करेंगे। इस बार यह पहली विधानसभा है, जब सत्ता पक्ष के सदस्यों की संख्या सदन की कुल संख्या की दो तिहाई होगी। सदन में 20 यानी करीब एक चौथाई विधायक ऐसे होंगे, जो पिछली विधानसभा का हिस्सा नहीं थे। विधानसभा में चार पार्टियों का एकल प्रतिनिधित्व होगा। जदयू, लोजपा (आर), आजसू पार्टी और जेएलकेम के एक-एक विधायक जीतकर सदन में पहुंचे हैं।

# लूटकांड में रांची के सोनार समेत चार गिरफ्तार, लूट का सामान बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के सिमलिया निवासी शत्रुघ्न कुमार सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लूटकांड का खुलासा किया है। शत्रुघ्न पर लूटे गए गहनों को खरीदने का आरोप है। इस गिरोह के तीन अन्य सदस्य पहले से जेल में बंद हैं। एसपी ने बताया कि 23 अक्टूबर की रात पांकी थाना क्षेत्र के गजबोर गांव में कृष्णा सोनी के घर में छह अपराधी घुसे और सोने-चांदी के गहनों और नकदी की लूट की। पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (लेस्लीगंज) के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया। शनिवार को पुलिस ने दूब गांव में छापा मारकर उपेंद्र कुमार उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा को पकड़ा। पूछताछ के बाद उसके साथियों का पता चला। इसके आधार पर गिरोह के सरगना सतीश राम उर्फ सतीश चंद्रवंशी, छोटू कुमार सिंह शेष पेज 11 पर

### लूटपाट के लिए पलामू आता था सरगना

पुलिस के अनुसार सतीश राम गैंग का सरगना है। वह 13 वर्षों से लूटपाट में सक्रिय है। सात मामलों में वांछित, पंजाब में रहता है और लूटपाट के लिए पलामू आता है। इस कांड में शामिल छोटू कुमार रांची में रहकर ई-रिक्शा चलता है लूटपाट के लिए पलामू आता था। गिरफ्तार सोनार शत्रुघ्न कुमार लूटे गए सामान को खरीदने और गलाने में शामिल है। गैंग के तीन अन्य अपराधी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का सदस्य गुलशन कुमार, गुड्डू भुईयां और देवराज भुईयां शामिल हैं। जिन्हें पुलिस ने कुछ दिन पहले दूसरे मामले में गिरफ्तार है। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि गिरोह के सदस्यों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। यह गिरोह वर्षों से लूटपाट को अंजाम देता शेष पेज 11 पर

## आज कल




## डीजीपी ने जारी किए पुलिसकर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए दिशा-निर्देश

# जनता के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए : अनुराग गुप्ता

- सभी एसएसपी और एसपी को जारी किया गया है निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को उनके अधीन थानों में समय पर एफआईआर दर्ज करने और जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने आम जनता के प्रति पुलिसकर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।



डीजीपी ने साइबर अपराध, एसटी-एससी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाने में ही एफआईआर दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने किसी भी पीड़ित महिला के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किए बिना अविलंब आवेदित थाने में एफआईआर दर्ज किए जाने के लिए निर्देश दिया है। साथ ही, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिलों और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों के जरिये आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे अपनी शेष पेज 11 पर

## चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ ग्रामीणों ने छेड़ी जंग

# कमांडर सहित दो नक्सलियों की पीट-पीट कर हत्या

- हथियारों से लैस 50 गांवों के लोग पीएलएफआई नक्सलियों की तलाश में जुटे
- नक्सलियों ने हाल के दिनों में गांवों में कई निर्दोष लोगों को निशाना बनाया था

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी प्रखंड में प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर मोटा टाइगर और उसके एक साथी को स्थानीय ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला है। इन दोनों के शव गुदड़ी थाना क्षेत्र के टोडेल-कोमाय जंगल के पास पड़े होने की सूचना है। घटना शुक्रवार शाम की है, लेकिन रविवार दिन 11 बजे तक इनके शव बरामद नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों के आक्रोश की वजह से पुलिस अब तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। चाईबासा रेंज के डीआईजी मनोज रतन चोथे ने स्वीकार किया है कि किसी वारदात को अंजाम देने आए पीएलएफआई के कमांडर को ग्रामीणों द्वारा मारे जाने की सूचना है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नक्सलियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीणों ने ऐलान कर दिया है कि हथियार दिखाकर खौफ फैलाने वालों को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा। तीर-धनुष, भाला, कुल्हाड़ी सहित अन्य परंपरागत हथियारों से लैस करीब 50 गांवों के लोग पीएलएफआई संगठन के नक्सलियों की तलाश में जुटे हैं। तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

**नक्सलियों के आतंक से त्रस्त थे ग्रामीण :** पीएलएफआई के नक्सलियों ने हाल के दिनों में गांवों में कई निर्दोष लोगों को निशाना बनाया था। 24 नवंबर को गिरू गांव में रवि तांती और सनसा टोपनो की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग कर जान बचायी थी। इस घटना शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# प्रशासनिक अधिकारियों के दिशानिर्देश से बदलेगी शिक्षा

आदिवासी बहुल गुमला जिले में भौगोलिक और अन्य कारणों से शिक्षा की स्थिति बहुत बहुत अच्छी नहीं है। इस ज़िले में कार्यरत कई युवा या उत्साही उपायुक्तों ने पूर्व में विकास की गति तेज करने से लेकर पर्यटन विकास या सौंदर्यीकरण के लिए कई कार्य किए पर अभी एक अनूठा प्रयास किया जा रहा है ताकि बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़े। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। 10वीं-12वीं बोर्ड के रिजल्ट में सुधार हो। इसके लिए अधिकारियों ने एक अच्छी शुरूआत की है।उपायुक्त से लेकर अंचल अधिकारीए रैंक के 96 अधिकारी गुमला के 140 स्कूलों में 10वीं-12वीं बोर्ड के बच्चों की सप्ताह में दो क्लास लेंगे। इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। अधिकारियों के इस पहल से छात्र और उनके पैरेंट्स भी काफी उत्साहित हैं।डीसी कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में ह्यसिकछा कर भेंटह्ल (शिक्षा की भेंट) अभियान चलाया गया है। अभियान को लेकर बच्चे, अभिभावक और शिक्षक उत्साहित हैं। वे बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश में जुट गए हैं। जिले में अभियान का अच्छा रिजल्ट देखा जा रहा है। छात्रों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने और उनकी शैक्षणिक क्षमता विकसित करने में यह सहायक और कारगर साबित हो रहा है।अधिकारियों के अनुसार 140 सरकारी स्कूल, अल्पसंख्यक व अनुदानित विद्यालय और इंटर कॉलेज में शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा को प्रभावी बनाने की जिम्मेवारी डीसी, एसपी, डीडीसी सहित जिला व प्रखंड के पुलिस-प्रशासन के 96 अधिकारियों को सौंपी गई है। अधिकारी रूटीन के अनुसार अपने क्षेत्र के स्कूलों में जाते हैं। वे छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं। 2025 की बोर्ड की परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चे सफल रहें इसकी तैयारी कराई जा रही है।डीसी कर्ण सत्यार्थी खुद स्कूलों का निरीक्षण कर छात्रों से बात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन 10वीं और 12वीं परीक्षा के परिणाम को लेकर गंभीर है। 'सिकछा कर भेंट' अभियान बच्चों के सुनहरे भविष्य निर्माण के लिए सार्थक प्रयास है।इससे स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है। अभियान को सफल और प्रभावी बनाने और परीक्षा में बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। वैसे स्कूलों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन होगा। जहां बच्चे शत-प्रतिशत सफल होंगे। ऐसे स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। भारत के साथ झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रयास हुए पर उनमें एक कमी रही कि शिक्षकों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट आती गई क्योंकि अंक के आधार पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में नामांकन के बाद या पैरवी के आधार पर शिक्षक बने लोगों में वो प्रेरणा के तत्व नहीं थे जो आज के बच्चों को स्वप्नद्रष्टा बना सके जबकि प्रशासनिक सेवाओं की पृष्ठभूमि से आए युवा अधिकारी अपनी ऊर्जा और बौद्धिकता से यह बखूबी कर सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा तो एक मॉडल बन सकता है और इससे शिक्षक भी उत्साहित हो सकते हैं जो सचमुच कुछ करना चाहते हैं या शौक से शिक्षक के सम्मानित पेशे में आए हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# केरल के पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड बने कार्डिनल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई, कहा-भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं
- सेंट पीटर्स बेसिलिका में आयोजित समारोह में कूवाकड सहित 21 नए कार्डिनलों शामिल हुए
- भारतीय कार्डिनल्स की संख्या छह हुई, जिससे वेटिकन में देश का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 51 वर्षीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाए जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, यह भारत के लिए बड़े गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे कहा, पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकाड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, जॉर्ज कार्डिनल कूवाकाड ने प्रभु यीशु मसीह के प्रबल अनुयायी के रूप में अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। बता दें कि प्रसिद्ध सेंट पीटर्स बेसिलिका में आयोजित इस समारोह में दुनिया भर के पादरी और गणमान्य लोगों ने भाग लिया था और विभिन्न देशों के 21 नए कार्डिनलों को शामिल किया गया था। वहीं, केरल के चंगनास्सेरी आर्चडायोसिस से आने वाले कार्डिनल कूवाकड की नियुक्ति से भारतीय कार्डिनल्स की कुल संख्या छह हो गई है, जिससे वेटिकन में देश का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा। केरल से बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग कूवाकड के कार्डिनल की पदोन्नति देखने के लिए वेटिकन सिटी पहुंचे हैं। वर्तमान में वेटिकन में रहने वाले कूवाकड पोप फ्रांसिस के अंतर्राष्ट्रीय शेष पेज 11 पर



# बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों के बीच बीज का वितरण



जिला उद्यान विभाग को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत हर वर्ष फल, सब्जी, पुष्प उत्पादन के लक्ष्य मिलते हैं। इन फसलों को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्रेरित किया जाता है। पंजीकृत किसान को योजना का लाभ दिया जाता है। उद्यान विभाग के निगरानी में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद में उद्यान विभाग द्वारा सैकड़ों किसानों को उद्यान विकास एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत सब्जी बीज, मिर्च बीज, मसाला बीज आदि का वितरण किया गया। बताते चलें कि मुख्य फसलों में धान, गेहूं व आलू है। किसानों का इन्हीं फसलों पर अधिक जोर रहता है। इसके अलावा, सब्जियां भी उगाई जाती हैं। फसलें लगाई जाती हैं। फसलों की सिंचाई, खाद एवं कीटनाशक का उपयोग आदि की जानकारी समय-समय पर उद्यान विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों को दी जाती है। इस मौके पर उद्यान मित्र सह व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सहायक तकनीकी प्रबंधक जयगोविंद यादव, उद्यान विभाग के कर्मचारी राजा व विकास जी, किसान मित्र सुजीत मेहता, कन्हाई राम आदि का नाम शामिल है।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में समयबद्ध तरीके काम को पूरा करने का निर्देश

# पेंशन व रोजगार संबंधित योजनाओं के निष्पादन में तेजी लाएं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विधानसभा चुनाव और नई सरकार के गठन के बाद प्रखंड प्रशासन ने विभिन्न विकास योजनाओं को पूरा करने के काम में तेजी लाने की दिशा में कदम उठाया है। इसके तहत शनिवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में सीओ सह बीडीओ रणवीर कुमार ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना के प्रगति और अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही समयबद्ध तरीके से सभी लंबित योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने खासकर, पेंशन और रोजगार के लंबित मामलों को यथाशीघ्र निपटारा करते हुए मनरेगा में मजदूरों को 100 दिन रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं में पारदर्शिता लाने की नसीहत देते हुए योग्य व्यक्ति को ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आबेदिन अंसारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम भूपेश कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल (जन सेवक), छोटू जौहरी, अविनाश कुमार, राजकुमार कुमार दास, सुरेश कुमार सिंह (पंचायत सचिव), मो. इसराइल अंसारी, मनीष सिंह, नीरज कुमार, प्रणय रंजन, सुरेंद्र कुमार, प्रेमचंद कुमार, मुकेश कुमार (प्रखंड सहायक), अविनाश कुमार सहायक अभियंता, राहुल कुमार कनीय अभियंता, जगत प्रसाद मेहता लेखा सहायक, नाजमा खातून, अजीत पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, संजय बैठा, जनेश्वर राम (मनरेगाकर्मी) धनेंद्र सिंह, मनोहर कुमार (कंप्यूटर सहायक), मो. रब्बानी अंसारी पंचायती राज समन्वयक, प्रशांत तिवारी बीटीएम सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# जालमीनार खराब, पेयजल की किल्लत




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत घासीदाग का घाटपर टोला पेयजल की किल्लत से जूझ रहा है। इस टोले में आदिम जन जाति परहिया की बाहुल्यता है। इस टोले पर कुछ वर्ष पूर्व पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर आधारित जलमीनार अधिष्ठापित किया गया था,जो पेयजल का एकमात्र साधन था। यह जलमीनार भी खराब हो गया है। वर्तमान हालात यह है कि इस टोले के लोग कुंआ या नदी का पानी पीने को विवश है। भारत सरकार की अति महत्वकांक्षी जल नल मिशन के तहत भी इस परहिया टोला में कोई कार्य नहीं किया गया है। भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने इस संबंध में अधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस टोले पर जल नल योजना के तहत तत्काल दो जलमीनार अधिष्ठापित कराने की मांग की है।

# बोधि दिवस : सहार बिहरा के बुद्ध विहार के पुरावशेषों पर संकट





शोधछात्रा के साथ इतिहासकार अंगद किशोर

### पर्यटन और विकास की संभावना

हेरिटेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव अभिषेक गुप्ता ने सुझाव दिया कि सहार बिहरा को भीमचूल्हा और लिखलाही पहाड़ी जैसे स्थलों के साथ जोड़कर टूरिज्म हब बनाया जा सकता है। संग्रहालय की स्थापना और संरक्षण कार्यों से न केवल इतिहास के नए अध्याय खुलेंगे, बल्कि क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज प्रखंड स्थित सहार बिहरा गांव में बुद्ध विहार के प्राचीन पुरावशेष संरक्षित होने के अभाव में संकटग्रस्त हो गए हैं। कोयल नदी के किनारे स्थित यह स्थल स्थानीय रूप से ₹इमली का टीला₹ के नाम से जाना जाता है। इस टीले के भीतर बुद्ध की आकृति वाले प्रस्तर स्तंभ मौजूद हैं, जो खंडहर की अवस्था में हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पहले यहां एक विशाल इमली का पेड़ था, जिसके नाम पर इसे पहचाना जाता है। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों का मानना है कि सहार बिहरा में बौद्ध विहार के प्रमाण 2500 साल पुरानी सभ्यता की ओर संकेत करते हैं। सोन घाटी पुरातत्व परिषद के अध्यक्ष अंगद किशोर ने कहा कि यहां की सभ्यता और संरचनाएं प्रारंभिक मध्यकालीन युग की हैं। प्राप्त प्रस्तर स्तंभ पर बुद्ध की उकेरी गई आकृति और ईंटों के अवशेष बताते हैं कि यह क्षेत्र कभी बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र रहा होगा। ग्रामीणों और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इसे संरक्षित नहीं किया गया, तो यह पुरातात्विक धरोहर और सहार बिहरा गांव दोनों का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। बारिश और बाढ़ के प्रभाव से यह स्थल क्षतिग्रस्त हो रहा है। अंगद किशोर के साथ ही झारखंड में बौद्ध अवशेषों पर शोध कर रहीं ममता कुमारी, पुरातत्वविद एचपी सिन्हा, और पलामू प्रमंडल के पूर्व कमिश्नर स्वर्णादित्य सहाय ने इस स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे संरक्षित करने और इसका पुरातात्विक सर्वेक्षण करने की सिफारिश की।

## फाइनेंस कंपनी के ऑफिसर के बैग से 91 हजार की चोरी

**हरिहरगंज।** फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड की स्थानीय शाखा में कार्यरत फील्ड ऑफिसर नीतीश पासवान के बैग में रखा 91 हजार 340 रुपया को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध में फील्ड ऑफिसर ने हरिहरगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसके अनुसार 6 दिसंबर को फील्ड ऑफिसर नीतीश पासवान फाइनेंस ऑफिस से 91 हजार 340 रुपया बैग में रखकर भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में जमा कराने गए, परंतु बैंक में जाकर देखा तो बैग का चेन खुला हुआ था। साथ ही उसमें रखा नकद गायब था। उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की, परंतु रुपए चुराने वाले का पता नहीं चल सका। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इस मामला प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# भंडार में लगा स्वास्थ्य शिविर 200 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में मल्टी फॉर्टिज हॉस्पीटल के तत्वावधान में रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 200 से भी ज्यादा मरीजों का मुफ्त में इलाज किया गया। मरीजों को दवा भी निःशुल्क दिया गया। डॉ. मनीष कुमार व सरफराज अंसारी ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज बीपी,शुगर, घुटनों के दर्द, हर्निया, अपेंडिस आदि बीमारियों से ग्रसित थे। सभी को जांच के बाद उपचार किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन शिक्षाविद अशोक पांडेय ने दीप जलाकर कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए विश्रामपुर प्रखंड के नौगढ़ा में खुला मल्टी फॉर्टिज हॉस्पीटल वरदान साबित हो रहा है। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण इलाकों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है। हॉस्पीटल प्रबन्धन की जम कर तारीफ की।हॉस्पीटल के चेयरमैन नीतेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हॉस्पीटल खोलने का मुख्य उद्देश्य आम न्यूनतम राशि में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है।उन्होंने बताया कि मल्टी फॉर्टिज हॉस्पीटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है।दर्जन भर विशेषज्ञ चिकित्सक यहां अपनी सेवा दे रहे हैं। एंबुलेंस से लेकर सभी तरह के जांच की सुविधा यहां उपलब्ध है। मौके पर रीना दुबे, रानी कुमारी, संगीता कुमारी, नाईस गंगा, प्रदीप ओझा, तौकीर आलम, शिवरंजन कुमार, देवेंद्र पाठक सहित कई अस्पतालकर्मी और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पीएम जीएसवाई पथ निर्माण में अनियमितता पर प्रशासन से शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय हाई स्कूल मोड़ से बाजार क्षेत्र के मरघटिया पथ होते संड़ेया तक निर्माण कार्य में अनिश्मितता की जांच और उड़ते धूल व प्रदूषण से लोगों को बचाने की मांग की गई है। इस संबध में सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपायुक्त पलामू सहित अन्य अधिकारियों को पत्र देकर बताया है कि गत पखवाड़े से शुरू उक्त पथ का निर्माण बड़ा शिवालय, बभंडी, जाह पर, संडेया, बिलासपुर होते जपला मुख्य पथ में सरगाड़ा मोड़ पीएमजीएसवाई योजना से कराया गया है, किन्तु सड़क निर्माण कार्य सभी मानक की उपेक्षा का संबंधित संवेदक पुरानी जर्जर पथ को उजाड़कर इसी पथ के विभिन्न स्थानों में बने बड़े-बड़े गड्ढों में भराई व पथ की समतलीकरण के बाद स्टोन चिप्स के डस्ट की उड़ते धूल से प्रदूषण फलता जा रहा है। इससे स्कूली छात्र छात्राओं को पठन पाठन कार्य व आवागमन में परेशानी हो रही है। इससे वर्तमान में आम लोगों को निजी काम से आमजनों को बाजार व रोगियों को विभिन्न अस्पतालों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया है कि अब तक एक बार भी प्रदूषण नियंत्रण के लिये मुख्य पथ पर पानी का छिड़काव नहीं किया गया है। जिससे पैदल राहगीरों को इस रास्ते से चलना मुश्किल हे गया है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से जनहित में संबंधित संवेदक पर अविलंब कार्रवाई करने व प्रदूषण से लोगों को बचाने का आग्रह किया है।

# समय रहते कौरव जलाशव योजना पूरी नहीं हुई तो पेयजल की भी होगी परेशानी

## लब्जी नदी का अस्तित्व खतरे में, बरसात के बाद सूख जाती है नदी



### इन गांवों की जमीन होगी सिंचित

नावाबाजार और विश्रामपुर प्रखंड के चेचरिया, ब्रहमोरिया, भंडार, बरिगांवा, अमवा, सेमरी, अटरिया, गुरी, नौगड़ा, नौडीहा, बसना, दमारो, झरहा, टोना, पिपरा, कधवन, सेवरा, जरका, लालगढ़, पंजरी, लादी, रबदा, वैरिया आदि सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की भूमि को सिंचित किया जा सकता था।

### लगातार सूखती जा रही लब्जी नदी

प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी पंकज कुमार तिवारी बताते है कि क्षेत्र की लाईफ लाइन लब्जी नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। कौरव जलाशय परियोजना को पूरा कर इस नदी का दोबारा लाइफ लाइन में बदला जा सकेगा, बल्कि सैकड़ों एकड़ भूमि को भी सिंचित की जा सकेगी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर-नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एकमात्र जीवित नदी लब्जी (कौरव) के अस्तित्व अब खतरे में है। साल के कुछ माह ही इस नदी पर पानी नजर आता है। नदी के रास्ते में कहीं-कहीं तो अतिक्रमण भी साफ नजर आने लगा है। स्थानीय लोग बताते है कि अगर अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सिर्फ रेगिस्तान छोड़ कर जाएंगे। लोग इस स्थिति के उत्पन्न होने के लिए सीधे तौर पर सरकार के अदूरदर्शिता को जिम्मेवार मानते है। इनका कहना है इस क्षेत्र के हताई गांव में 37 वर्ष पूर्व लब्जी नदी पर बनने वाले कौरव जलाशय योजना की आधारशीला रखे जाने के बाद किसानों को अपने अच्छे दिन आने की उम्मीद बन गई थी। शिलान्यास के बाद न तो राजनेताओं और न प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्माण कार्य शुरू करने की पहल की। बता दे कि क्षेत्र में व्याप्त जल संकट के निदान की संयुक्त बिहार सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. बिदेश्वरी दुबे ने स्वंय हताई द्वारपार जंगल में पहुंच कौरव नदी पर बांध निर्माण का शिलान्यास किया था। बांध निर्माण पूरा हो जाने के बाद क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों के लिए वरदान साबित होता। इससे हजारों एकड़ बंजर भूमि को सिंचित किया जा सकता था। बांध नहीं बनने से नदी का पानी बेकार में बह कर चला जाता है।

# छह माह पूर्व नावाबाजार अंचल को दिए आवेदन पर नहीं हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के ब्रहमोरिया गांव निवासी श्याम नारायण पांडेय द्वारा गांव के लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना चकला आहर का बांध को जेसीबी से काट कर समतल कर दिए जाने के कारण बरसाती पानी का आहर में संचय नहीं हो पाया। आहार के नीचे पानी नहीं मिलने के कारण खेत परती रह गए और धन रोपनी का कार्य नहीं हो सका। इस बावत पीड़ित किसान सच्चिता नंद पांडेय, हिरा नंद पांडेय, शिव पांडेय, गोविंद पांडेय, योगेंद्र पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से 26 जुलाई को नावाबाजार अंचल कार्यालय में लिखित शिकायत की थी। लगभग दो माह बीतने के बाद भी अंचल कार्यालय द्वारा न तो स्थलीय निरीक्षण किया गया और न ही जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई। इतना ही नही मेदिनीनगर सदर एसडीओ कार्यालय के 3 सितंबर के पत्रांक 155 से भी अंचल कार्यालय को पत्र भेज गया है। साथ हीं निर्देश दिया गया है कि जांच करते हुए नियमानुसार समुचित कार्रवाई करें। बावजूद अंचल कार्यालय की द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। बांध काटकर समतल किए गए जमीन को भी बेच दिया गया है। इस संबंध में जानकारी को लेकर राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक को फोन लगाए जाने पर वह रिसीव नहीं करते। किसान सच्चिता नंद पांडेय व अन्य लोगों बताया कि बांध की लंबाई लगभग 300 फिट होती है। जिसका अधिसंख्य जमीन आहार व आहार के नीचे का जमीन इन्हीं किसानों का है। श्याम नारायण पांडेय का आहार के मध्य केवल चार डिसमिल भूखंड था, जो सड़क फोरलेन निर्माण कार्य में अधिग्रहण कर लिया गया है। बावजूद दबंगई दिखाते हुए जेसीबी मशीन लगाकर लगभग 40 फीट बांध को काट दिया गया। जिसके कारण आहार में पानी का ठहराव नहीं हो पाया। किसानों ने बताया कि चकला आहर मरम्मती कार्य में फूड फॉर वर्क और विधायक कोटे की राशि भी खर्च की गई है।

## जीएम से ग्रामीण क्षेत्र का जर्जर विद्युत, तार खंभों को बदलने की मांग

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के नौडीहा, पतरिया, गोल्हना, रतन बिगहा फीडर के ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर विद्युत तार खंभों का बदलने की मांग झारखंड के विभागीय महाप्रबंधक से की है। इस संबध में सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा से महाप्रबंधक को पत्र देकर बताया कि इस विद्युत मार्ग में 11000 वोल्ट का जर्जर तार व खंभों को नहीं बदलने से कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने कहा है कि इन फीडर में पांच दशक पूर्व गाड़े गये लोहे के खंभे जंग खकर खाकर अधिकांश स्थानों में झुक भी गये हैं। दर्जनों स्थानों पर तार खेतों में झूल रहे हैं। जिससे किसानों को खेती करने में खतरे का सामना करना पड़ता है।

## आध्यात्म

## बराही धाम गुरुकुल शिक्षा केन्द्र का सुंदर राज स्वामी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# शिक्षा की अंधी दौड़ में बच्चे अध्यात्म व संस्कार को भूलते जा रहे हैं: स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के बराही धाम में श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज बराही धाम पहुंचने के बाद धाम परिसर स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल का निरीक्षण किया। साथ ही शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से हालचाल पूछा। मौके पर सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने कहा कि आधुनिक शिक्षा की अंधी दौड़ में बच्चे अध्यात्म और संस्कार को भूलते जा रहे है। इसका दुष्परिणाम हो रहा है कि समाज में कुरीतियां भी बढ़ती जा रही है। बच्चे संस्कार से पिछड़ते जा रहें है। तत्कालीन हालात को देखते हुए और आने वाले भविष्य को देखते हुए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया था की आधुनिक शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिक की शिक्षा भी अत्यंत जरूरी है। इसलिए बराही धाम में गुरुकुल की स्थापना कर पिछले एक वर्षों से बच्चों को संस्कार के साथ - साथ आध्यात्मिक और आधुनिक शिक्षा दिया जा रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य और कई सामाजिक कार्य किए जा रहे है। मौके पर गुरुकुल के आचार्य शिव कुमार झा, विनय चौबे, अयोध्या सिंह टिकैत, टुनटुन सिंह के अलावा शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

# कमेटी का विस्तार अनिल गुप्ता बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के पंचमुखी मंदिर परिसर में स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को बजे इंडिया मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने की। संचालन महासचिव विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में समाज के दबे-कुचले व महिलाओं की आवाज को बुलंद करने,संविधान के अनुसार महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना तथा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में अपराधमुक्त वातावरण बनाने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से शंकर चंद्रवंशी व किरण गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। राजेश सिंह,अब्दुल हकीम अंसारी, यदुनि राम, ममता देवी व मीरा देवी को सचिव,देवनारायण सिंह, शंकर राम, अंशु कुमारी व नागवंती देवी को उपाध्यक्ष,सुदेश चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष तथा देवनारायण सिंह को कार्यालय सचिव बनाया गया है. मौके पर जिला सचिव अरुण चंद्रवंशी, बिनोद प्रजापति संरक्षक जटाधारी प्रजापति, जिला सचिव किरण चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष सोना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सम्मान समारोह में भाग लेंगे पंचायत के मुखिया

**हुसैनाबाद।** आगामी 11 दिसंबर को नई दिल्ली में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सम्मान समारोह में हुसैनाबाद के पथरा ग्राम पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को आमंत्रित किया गया है। इस आशय का पत्र मुखिया नरेश पासवान को झारखंड पंचायती राज विभाग द्वारा मिला है। मुखिया को मिले पत्र के साथ पलामू जिले के चियांकी के मुखिया बिंकों उरांव व समाजसेवी बसंत कुमार मेहता को भी मिला है। मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि पलामू से दिल्ली के लिए वह रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पंचायत में बेहतर कार्य के लिए पहले भी दिल्ली व जम्मू भेजा जा चुका है।

## चर्च कमेटियों ने मिलकर किया क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्रिसमस के आगमन से पहले पलामू जिला के सभी चर्च कमेटियों ने मिलकर एक भव्य क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। इस आयोजन में जिलेभर के ईसाई धर्मावलंबी एकजुट हुए और प्रभु यीशु के जन्म का जश्न मनाया। हर वर्ष की तरह इस बार भी संयुक्त चर्च के तत्वाधान में यह आयोजन किया गया। गैदरिंग के दौरान कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिससे सभी श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान से हुई, इसके बाद ओपनिंग प्रार्थना जीएल चर्च ने की। सभी उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर इस उत्सव की शुरूआत की। सीजेएम चर्च सेमरटांड के पास्टर ने क्रिसमस के संदेश को उपस्थित ईसाई समुदाय के बीच साझा किया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु का संदेश समाज में भाईचारा और दीन-दुखियों की सेवा करना है। ऑल चर्च यूनियन के सेक्रेटरी प्रताप तिर्की ने कहा कि धर्म के माध्यम से ही लोग पापों से मुक्ति पा सकते हैं। गैदरिंग के सफल आयोजन के लिए हर चर्च से पांच-पांच वालंटियर चुने गए थे। कार्यक्रम का संचालन सीएनआई चर्च के युवाओं द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फादर जोर्ज तिग्गा ने किया।

# पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राधा कृष्ण मंदिर ठाकुरबाड़ी रेड़मा में आज से पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की शुरूआत हुई। उद्घाटन समारोह में पूर्व नगर निगम मेयर अरुणा शंकर ने दीप प्रज्वलित कर इस धार्मिक आयोजन की शुरूआत की।

यह आयोजन 8 दिसंबर से लेकर 14 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें वृंदावन से आईं स्तुति दीदी जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। उद्घाटन समारोह में अरुणा शंकर ने कहा, 'इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से न केवल लोगों की चेतना जागृत होती है, बल्कि धर्म का प्रसार भी होता है। हमें श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करके इसे अपने जीवन में उतारना चाहिए।'



श्रीमद् भागवत कथा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने कहा कि इस आयोजन में सभी परिवारों को भाग लेना चाहिए और भागवत कथा रूपी गंगा में डुबकी लगानी चाहिए।

इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय तिवारी, भाकपा जिला सचिव रुचिर तिवारी, जेएमएम नेता सुनील तिवारी समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया गर्म कपड़े का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रविवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के कपड़ा बैंक की टीम सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंची और जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान टीम ने चैनपुर के रामगढ़, नावाडीह, पिपराही सहित अन्य जगहों पर स्वेटर, जैकेट, शॉल, टोपी, मफलर और कंबल के अलावा जींस, शर्ट, पैंट, साड़ी, सूट जैसी वस्त्रों का भी वितरण किया।

पलामू जिले में कड़ाके की ठंड का सामना लोग करने लगे हैं, और कई लोग ठंड से बचने के लिए नए कपड़े खरीदने में असक्षम हैं। ऐसे में ट्रस्ट के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उन्हें राहत प्रदान कर रहे हैं।

ट्रस्ट की सचिव, शर्मिला वर्मा ने कहा, 'हमारे ट्रस्ट का उद्देश्य केवल एक माध्यम बनकर जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना है, लेकिन पलामू के कई दानवीरों की बदौलत इस ठंड में वे लोग राहत पा रहे हैं।'

वरिष्ठ कार्यकर्ता मन्नत सिंह बग्गा ने भी इस नेक कार्य में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक गर्म कपड़े कपड़ा बैंक को डोनेट करने की अपील की। इस नेक कार्य में शाहपुर की नेहा कुमारी का भी अहम योगदान रहा।

गर्म कपड़ों के वितरण के दौरान विवेक वर्मा और फरहा नाज जैसे सक्रिय साथी भी जरूरतमंदों की मदद में तत्पर रहे।

## नगर निगम डिपो में धूल फांक रही पिंक सिटी बस, केवल एक रूट पर हो रहा संचालन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार पिंक सिटी बसों का परिचालन शुरू किया गया था, लेकिन अब यह बसें नगर निगम डिपो में धूल फांक रही हैं। शुरूआत में यह घोषणा की गई थी कि यदि मांग बढ़ेगी तो अन्य रूटों पर भी इन बसों का संचालन किया जाएगा, लेकिन वर्तमान में केवल एक बस चियांकी से छह मुहान तक चल रही है।

इन पिंक सिटी बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए जीपीएस और मोबाइल चार्जिंग स्लॉट जैसी सुविधाएं प्रदान की गई थीं। 2023 के अप्रैल में इसकी शुरूआत हुई थी, लेकिन अब तक बसों का विस्तार नहीं किया जा सका। वर्तमान में चल रही एकमात्र बस में पुरुष और महिलाओं दोनों को समान किराया 10 रुपये देना पड़ता है। इसमें ब्लू बस का स्टीकर भी लगा हुआ है।

हालांकि, नगर निगम के पास तीन और पिंक सिटी बसें हैं, जो प्रयोग में नहीं लाए जा रहे हैं और डिपो में खड़ी हैं। यदि ये बसें विभिन्न रूटों पर चलतीं, तो महिलाओं के लिए एक बड़ी सुविधा होती।

पिंक सिटी बसों के लिए निर्धारित रूट चार्ट में एक बस सिंगरा से बैरिया चौक, जेलहाता चौक होते हुए छह मुहान तक जाती थी। दूसरी बस चियांकी से रेड़मा होते हुए छह मुहान का सफर तय करती थी। तीसरी बस पोखराहा से छह मुहान तक और चौथी बस चैनपुर के रोटरी स्कूल से छह मुहान तक जाती थी। इस पर नगर आयुक्त जावेद अहमद ने बताया कि फिलहाल कुछ कारणों से केवल एक बस का संचालन किया जा रहा है, लेकिन वर्ष की शुरूआत में सभी चार बसों का अलग-अलग रूटों पर परिचालन शुरू किया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मरीज बरामदे में रहने को विवश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में ठंड का प्रभाव बढ़ने के साथ ही तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। मेदिनीनगर में रात्रि का तापमान लगभग 7 से 9 डिग्री के बीच पहुंच गया है, और ठंडी हवा भी चल रही है। इस सर्दी में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कुछ मरीज बरामदे में रहने को विवश हो गए हैं, जबकि उन्हें कमरे में भर्ती नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति मरीजों के लिए बेहद कष्टकारी बन गई है, क्योंकि ठंडी हवा सीधे शरीर पर असर डाल रही है। बरामदे में रह रहे एक मरीज ने बताया कि रात में ठंड बढ़ जाती है, और खुला होने के कारण हवा सीधे शरीर को लगती है, जिससे तकलीफ होती है। हम 3 से 4 कंबल लेकर सोने के बावजूद आराम नहीं पा रहे हैं। अस्पताल के कमरे में शिफ्ट नहीं किया जा रहा है, और खिड़कियां भी बंद नहीं की जा रही हैं, जिससे ठंडी हवा अंदर आती है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी कुमार ने इस बारे में जानकारी होने की बात की और कहा कि अंदर में पर्याप्त जगह है, लेकिन मुझे यह जानकारी नहीं थी कि मरीज बाहर बरामदे में रह रहे हैं। मैं जानकारी लेकर मरीजों को जल्द ही अंदर के कमरे में शिफ्ट करवा दूंगा।

## अतिक्रमण और उपेक्षा के कारण अंतिम सांसें गिन रहा आबादगंज तालाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आबादगंज में बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय के समीप स्थित ऐतिहासिक तालाब अपनी दुर्दशा के चलते नाले में तब्दील हो चुका है। प्रशासनिक उदासीनता और लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने इस चार एकड़ के तालाब को लगभग खत्म कर दिया है। कभी क्षेत्र के जलस्तर को बनाए रखने में सहायक यह तालाब अब कचरा और गंदे पानी का अड्डा बन गया है। दशकों पहले तक चार एकड़ में फैले इस तालाब को धीरे-धीरे कई लोगों ने अतिक्रमण कर अपने कब्जे में ले लिया।



नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई अन्य स्थानों पर होती है, लेकिन इस तालाब पर किसी का ध्यान नहीं है।

**मोहल्ले की जल संकट की स्थिति :** आबादगंज मेदिनीनगर के ड्राई जोन में से एक है, जहां सालभर जल संकट बना रहता है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है, और लोग टैंकर या दूरस्थ स्त्रोतों से पानी लेने को मजबूर होते हैं।

**कचरा और गंदे पानी से प्रदूषण :** तालाब में स्थानीय घरों का गंदा पानी बहाया जा रहा है। इसके अलावा, आसपास के लोग कचरा भी तालाब में फेंक देते हैं, जिससे यह तेजी से सिकुड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों का कहना है कि तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर इसके संरक्षण की व्यवस्था की जाए। लोगों ने पेयजल समस्या को हल करने के लिए इसे व्यवस्थित करने की मांग की है।



छहमुहान पर सवारी बैठाने के क्रम में ऑटो की वजह से लगातार लग रहा है जाम।

## धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान युद्धस्तर पर चलाएगा विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की जिला बैठक गीता भवन स्थित परिषद के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने की और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में विहिप के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने भी भाग लिया और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार से धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाएगा। यह अभियान हर वर्ष आयोजित किया जाता है, और इससे प्राप्त धनराशि का उपयोग विहिप द्वारा विभिन्न सेवा कार्यों में किया जाता है। 11 दिसंबर को अधिकांश प्रखंड मुख्यालयों में शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शौर्य संचलन आयोजित किया जाएगा। किसी कारणवश जहां 11 दिसंबर को यह कार्यक्रम न हो सके, वहां 15 दिसंबर को इसे अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 22 दिसंबर को बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य बजरंग दल के सदस्यों को धार्मिक, शारीरिक और अनुशासनात्मक रूप से सशक्त बनाना है।



इस बैठक में पलामू विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, सह मंत्री अमित तिवारी, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिन्हा, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, संगठन मंत्री संतोष यादव, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर चार में विकास की कमी, स्थानीय लोगों ने उठाए कई मुद्दे

# स्थानीय समस्याओं को लेकर वार्डवासियों में असंतोष, प्रशासन से समाधान की अपील

### वार्ड संख्या चार में विकास की कमी, स्थानीय लोगों ने उठाए कई मुद्दे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या चार, जिसमें बारालोटा का हनुमान नगर इलाका और बैरिया का कुछ हिस्सा शामिल है, में विकास के कई मुद्दे हैं। इस वार्ड की आबादी 4563 है, और इसके उत्तर में गुरसूती नदी, दक्षिण में नहर, पूर्व में पांकी रोड से पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए नहर तक, और पश्चिम में बैरिया तक का विस्तार है।

इस इलाके में बोरिंग करने पर आसानी से पानी मिल जाता है, लेकिन पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पाइप बिछाए जाने के बावजूद अब तक इन गलियों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई है।

नगर निगम का हिस्सा बनने के बाद यहां सड़कें बनाई गई हैं और कुछ हिस्सों में पीसीसी एवं कालीकरण पथ भी बने हैं। हालांकि, कई स्थानों पर ग्रेड वन पथ और नालियों का घोर अभाव है। वार्डवासियों का आरोप है कि नालियों का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे बारिश के समय जलभराव की समस्या बढ़ जाती है।






इसके अलावा, वार्ड में झूलते बिजली के तार एक और गंभीर समस्या हैं। वार्डवासी कई बार निगम और बिजली विभाग से इस मुद्दे पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। लोग यह भी शिकायत करते हैं कि मेयर, डिप्टी मेयर, विधायक और सांसद इस इलाके में कभी नहीं आते और यहां की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते। सफाई की स्थिति भी बहुत दयनीय है, और महीनों तक सफाई नहीं होती। हालांकि, रविवार को दो महिला सफाई कर्मी रोड में फैली गंदगी की सफाई करती नजर आईं, लेकिन यह समस्या हल करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

2018 के चुनाव में राजू राम ने जितेंद्र पासवान को हराकर वार्ड पार्षद का चुनाव जीता था। हालांकि, राजू राम इस इलाके के पूर्व मुखिया भी रह चुके हैं। इस वार्ड में पांकी रोड के किनारे शहरी वातावरण दिखता है, जबकि रोड से बाहर जाते ही ग्रामीण परिवेश का सामना होता है। अधिकांश जमीन 320 खाता की है, जिनकी रजिस्ट्री नहीं होती।

निवर्तमान वार्ड पार्षद राजू राम ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीबों के लिए कई कार्य किए हैं, हालांकि वे अपने घर में कार्यक्रम की वजह से कई सवालों से बचते रहे और वार्ड के लोगों से मिलकर ही समस्याओं और सुझावों पर काम करने की बात कही।



### वार्ड नंबर 4 के जनता की राय

रामदेव राम चंद्रवंशी ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, लेकिन नाली न होने के कारण भारी परेशानी होती है। चिंतामणि राम ने भी बिजली के झूलते तारों की समस्या पर चिंता जताई और कहा कि पहले बिजली मिस्त्री आते थे, लेकिन अब उन्होंने भी इस मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया है।

विकास कुमार ने कहा कि नाली निर्माण की समस्या बहुत गंभीर है और इसे जल्द हल किया जाना चाहिए।

रिंकी देवी ने बताया कि कई बार आवेदन देने के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिला, और वह अब भी टूटे-फूटे घर में रहने को मजबूर हैं।

संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि उनके मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति से जुड़ा पाइप बिछाया गया था, लेकिन उन्हें अब तक पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। यह समस्या लंबे समय से जस की तस बनी हुई है।

## रोड किनारे हो रहे निर्माणाधीन नाली के पास किसी भी तरह का साइन बोर्ड नहीं, लोगों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन रोड में कब्रिस्तान के पास नाली और ठकन का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन इस निर्माण स्थल के पास ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का सुरक्षा बोर्ड नहीं लगाया गया है। यह रास्ता बेहद व्यस्त है, बावजूद इसके सड़क पर पानी का टैंकर, मिक्सर मशीन और छरी गिराए गए हैं, लेकिन कोई चेतावनी या ₹सावधानी से जाएं₹ जैसे साइन बोर्ड का इस्तेमाल नहीं किया गया। इससे सड़क पर चलने वालों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर पड़े गिट्टी और निर्माण सामग्री के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर परेशानी हो रही है। खासकर रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में निर्माण सामग्री और गिट्टी को देख पाना मुश्किल होता है। इससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए और आसपास उचित संकेतक लगाए जाएं ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

इस मामले पर सहायक अभियंता देवेश ने कहा की हमें इस बात की जानकारी नहीं है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान साइन बोर्ड का उपयोग किया जाएगा ताकि किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके।

### उपायुक्त ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी

# अबुआ अवास योजना: पहले फेज में 377 लाभुकों में 132 को तीसरी किश्त की राशि मिली



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** सरकार अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब तबके के ग्रामीणों को पक्का घर देने के लिए अबुआ आवास योजना लाई है। इससे सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले आम लोगो को आवास योजना से लाभान्वित किया जा सके, लेकिन केतार प्रखंड में प्रखंड कर्मियों के लापरवाही के कारण निचले पायदान पर रहने वाले योग्य लाभुकों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। अबुआ आवास योजना के दर्जनों लाभुक प्रतिदिन अबुआ आवास योजना की तीसरी किश्त एक लाख रुपए राशि भुगतान को लेकर प्रखंड कार्यलय का चक्कर काट रहे हैं। प्रखंड के अबुआ आवास के लाभुक मुनिया देवी, कलावती देवी, पिन्टू सिंह, मंगरु चेरो, सत्येंद्र सिंह, कविता देवी, जगवा देवी, सुकृति देवी, सुखनानी देवी, रंजन साह, बाबूलाल गुप्ता, प्रवेश राम ने बताया कि हमलोगों को सात माह पूर्व आवास की स्वीकृति थी। उन लोग दो माह पूर्व महाजन से कर्ज लेकर छत को डोर लेबल की ढ़लाई भी कर दिए हैं, लेकिन आवास प्रभारी प्रखंड समन्वयक अनूप कुमार द्वारा एक दो दिन में भुगतान करने का बहाना बनाकर वापस भेज दिय जाता है। इससे उन लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना से मोह भंग होते जा रहा है। बता दें कि केतार प्रखंड में 18 माह से कम्प्यूटर आपरेटर अनूप कुमार को प्रभारी आवास प्रखंड कोर्डिनेटर बना दिया गया है। इससे अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को जैसे-तैसे पूरा किया जा रहा है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में केतार प्रखंड में अबुआ आवास योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई थी। साथ ही योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया था। प्रखंड समन्वयक अनुप कुमार ने बताया की पहले फेज में 377 लाभुकों को आवास दिया गया था। इसमें 132 लाभुकों को तीसरी किश्त की राशि भुगतान हुआ है, भौतिक सत्यापन के बाद शेष अन्य लाभुकों का भुगतान कर दिया जाएगा।

## सर्प दंश से युवक घायल



**भवनाथपुर।** केतार के कोसड़ीहारा गांव में शिवम कुमार सांप काटने से घायल हो गाया। शिवम को इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि वह रिश्तेदारी में अजय पासवान कौशड़ीहरा के घर गया था। तलाब में मछली पकड़ने के दौरान सांप ने पैर में काट लिया। पीड़ित ने बताया कि वह यूपी कानपुर से रिश्तेदार के घर आया था।

# प्रखंड के स्कूलों में मेगा आधार आईडी कैंप का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में 9 और 10 दिसंबर को मेगा आधार आईडी बनाने का अभियान चलाया जाएगा। यह निर्देश बीपीएम नवीन प्रकाश ने दिया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए यू-डाइस प्लस पोर्टल के माध्यम से आधार आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत बच्चों का आधार आईडी बनाना है। इसके तहत सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने स्कूलों में इस कार्य को सुचारू रूप से पूरा करें। पहले से चल रहे इस अभियान में छुटे हुए बच्चों का आधार आईडी को बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उनहोंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय में इस अभियान को समय पर पूरा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए 9 और 10 दिसंबर को विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया है, जहां सभी विद्यार्थियों को आधार आईडी से जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि सभी बच्चों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिल सके। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों को इस कार्य में पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया गया है।

# जमीनी विवाद में दो घायल, गढ़वा रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलशबरीयां गांव में आपसी जमीनी विवाद में दो पक्षों में रविवार को जमकर ईंट पत्थर से मारपीट में दोनों पक्ष से एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के ताजुद्दीन खां उर्फ अब्दूल खां के 23 वर्षीय पुत्र अबु जैद खां व दूसरे पक्ष के मेहंदी खां के 40 वर्षीय पुत्र अफजल खां का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष में पिछले कई वर्षों से आपसी जमीनी विवाद चल रहा है, जिसमें ताजुद्दीन खां को पिछली बार मारपीट में हाथ टूट गया था। इसमें दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी पुरानी मामले को लेकर रविवार को विवादित जमीन में दीवार जोड़ने के मामले पर पुनः विवाद उत्पन्न हो गया। प्रथम पक्ष के ताजुद्दीन खां ने पुलिस को बताया कि दूसरे पक्ष के मेहंदी खां द्वारा दीवार को जोड़ा जा रहा था। उनके द्वारा मना किया गया तथा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार को मौके पर पहुंच कर को दोनों पक्षों को समझा वापस लौट गई थी। इसके बावजूद भी दूसरे पक्ष के मेहंदी खां द्वारा दीवार जोड़ने का कार्य जारी रखा गया था। मना करने पर मारपीट व किराना की दुकान में तोड़फोड़ किया गया। मकान के छत को भी क्षतिग्रस्त कर दि गया। दुकान का समान व नकद पैसा भी साथ ले जाने की बात पुलिस को बताया है। दूसरे पक्ष के मेहंदी खां से संपर्क नहीं हो सका।इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी। नियम के खिलाफ दोनों पक्ष में से किसी को भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

## बीडीओ ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद की



**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली अपने कर्मियों के साथ रविवार को मृतक अभय कुमार उर्फ राजा के घर पहुंचे। बीडीओ ने मृतक के परिजनों सभी सरकारी सहायता देने का अश्वासन दिया। साथ ही प्रक्रिया के तहत आवास योजना का लाभ देने की बात कही। भी देने की बात कही। बीडीओ ने 25 किलो का एक पैकेट चावल, दाल और आर्थिक सहयोग के रूप में 1100 रुपए की नकद राशि दिया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद गुड्डु, मिथुन कुशवाहा, रामजन्म मेहता, पंचायत सचिव नरेश ठाकुर, सुदर्शन राम, राजकुमार राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पत्नी के बयान पर थाना में मामला दर्ज

# दोहर स्थित सुनसान कुआं से पैर हाथ बंधा मिला शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बहियार खुर्द पंचायत के सुंदरी पहाड़ के दोहर में स्थित कुआं से स्व सद्दीक अंसारी के 38 वर्षीय पुत्र एजाज अली का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुनसान स्थित दोहर के कुआं से बरामद मृतक का शव निकालने पर उसके दोनों हाथ-पैर बंधा हुआ था। आस पास के लोगो में यह चर्चा है कि एजाज को मार कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से सुनसान कुआं में डाल दिया गया। कुआं में शव होने की सूचना पर पहुंची रमना थाना ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पत्नी सलमा बीबी ने पुलिस को दिए बयान के अनुसार एजाज अली शनिवार की रात्री मुख्तार अंसारी के घर आयोजित मिलात में दावत में गये थे। रात्री 11 बजे जमाल अंसारी के साथ वापस लौट रहे थे। रास्ते में ही जमाल अंसारी का घर था, वह घर पर ही उतर गये। कुछ ही देर बाद पीछे से गुलाम मुस्तफा को जाते हुए जमाल अंसारी ने देखा तो एजाज को फोन किया। फोन लगा, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। फिर फोन लगाने पर फोन स्विच ऑफ बताने लगा। रात भर घर नहीं आने के बाद अगले सुबह परिजनों नें इसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी और अपने स्तर से खोजबीन करने लगे। गांव से करीब एक किमी दूर दोहर स्थित कुएं के में मृतक का चप्पल, खैनी का चुनउटी और साल देखा गया। कुछ माह पूर्व ही अपने ही भाई गुलाम मुस्तफा और इम्तेयाज अंसारी के साथ भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुआ था, जिसकी प्राथमिकी मृतक ने दर्ज करायी थी। इसके बाद से ही भाइयों द्वारा हत्या की धमकी मिल रही थी। संदेह के आधार पर शनिवार को शाम कुएं में दो-दो झगड़ डाल कर देखा गया तो मृतक का शरीर फंस कर उपर आया। आज से दो वर्ष पूर्व इस प्रखंड के भागोडीह पंचायत के चुंदी ग्राम में कुआं से एक युवक का सड़ा गला शव मिला था, जिसकी मृत्यु का कारण आज भी रहस्य बना है। अब देखना है की इस घटना का उदभेदन हो पता है या नहीं। थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी ने बताया कि मृतक के पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। मामला का जल्द ही खुलासा हो जायेगा।

# एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना प्रभारी अमित कुमार ने बीती देर रात 10 बजे एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बताते चले कि यह वाहन चेकिंग अभियान गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर थाना मोड़ पर चलाया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर दोपहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों को रोककर बारीकी से जांच की गई। दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट, जूते व लाइसेंस की जांच की गई। तीन पहिया व चार पहिया वाहनों को भी रोक कर उसके डिक्की वह अन्य सामानों की जांच की गई। जांच में किसी भी तरीके की कोई संदिग्ध वस्तु को नहीं मिला। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों कड़ी फटकार लगाते हुए अगली बार से सड़क पर हेलमेट लगाकर चलाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एंटी क्राइम व पब्लिक सुरक्षा को लेकर इस तरीके का वाहन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। वाहन चालकों को यातायात से संबंधित कई तरह का जानकारी भी थाना प्रभारी ने दी। मौके पर एएसआई राधेश्याम राम, बब्बन टुडू, कृष्णा साह, सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने से लगा रहता है जाम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने से सड़क किनारे टेंपो, कामांडार, मोटरसाइकिल, ठेला लगाकर सड़क को संकीर्ण कर देने से यातायात बाधित हो जाता है। प्रखंड क्षेत्र सर्वेशरी चौक और भगत सिंह चौक पर रोजाना यइ स्थिति देखने को मिल जायेगा। सवारी वाहन सर्वेशरी चौक के सिलीदाग जाने वाले मुख्य सड़क के बीचो बीच वाहन खड़ा कर सवारी बैठने के इंतजार करते है। उक्त सड़क मुख्य बाजार और प्रखंड कार्यालय जाने के लिए सिलीदाग, गम्हरिया और बुल्का पंचायत के लिए मुख्य सड़क है। इससे आवागमन दिनभर चालू रहता है, लेकिन सड़क के बिचो बीच सवारी गाड़ी खड़ी करने से इस चौक पर अक्सर जाम लगा रहता है। ऐसा ही हाल भगत सिंह चौक पर भी है। रेलवे स्टेशन, सोनेहारा और भागोडीह जाने वाला सड़क का हाल खराब रहता है। रेलवे स्टेशन सड़क संकीर्ण है। साथ ही सोनेहारा मुख्य सड़क पर मोड़ के दोनों तरफ सवारी गाड़ियां मुख्य सड़क पर ही खड़ा रहता है, जिससे इस चौक पर भी हमेशा जाम लगा रहता है।

# ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के प्रति किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मेराल पश्चिमी पंचयात सचिवालय में संस्था अग्रगति इंडिया के स्टॉफ द्वारा ग्रामीणों के बीच बैठक सह जन सुरक्षा शिविर का आयोजन कर वित्तीय साक्षरता की जानकारी कोऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नियमित बचत करने के साथ बीमा योजना में अटल पेंशन योजना, विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, लोन, मुद्रा लोन, एजुकेशन लोन, डिजिटल लेन-देन करने जैसे चीजों की जानकारी दी गई। इसके अलावा डिजिटल साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल के तरीके जैसे लॉटरी, ट्रैक्टर, लोन इत्यादि दिलाने के नाम पर ग्रामीणों के साथ साइबर अपराधियों द्वारा ठगने का कार्य तेजी से बढ़ते जा रहा है इससे बचने की जरूरत पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एके मांझी, निरंजन तिवारी,राजीव रंजन दुबे, मुखिया पति सह सामाज सेवी मुन्ना राम, पूनम कुमारी, अनीता देवी, दुलारी देवी, शिव कुमार प्रसाद सहित अन्य उपश्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के करमडीह में शनिवार रात करीब 8:30 बजे हुए ऑटो दुर्घटना में 30 वर्षीय उमेश रजवार (पिता- रूपन रजवार) चंद्रपुरा निवासी की मौत हो गई, जबकि आछोडीह गांव का महेंद्र रजवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्रपुरा गांव के अजमेर खान, जो लेबर सप्लाई का काम करता है, ने 14 मजदूरों को एक टेंपो से गढ़वा रेलवे स्टेशन भेजा था। मजदूरों को गुजरात के गांधीनगर ले जाया जा रहा था। इस दौरान ऑटो चालक ने करमडीह के पास वाहन से नियंत्रण खो देने से ऑटो पलट गई। दुर्घटना में उमेश रजवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य मजदूरों को हल्की चोट आई। पेट्रोलिंग पुलिस ने घायलों को मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। उमेश की स्थिति गंभीर होने पर उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पलायन का मुद्दा और प्रशासन की लापरवाही

**गढ़वा जिले में रोजगार के लिए पलायन करने वाले मजदूरों की असुरक्षित यात्रा से दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। लेबर सप्लायर मजदूरों को भेड़-बकरियों की तरह वाहनों में भरकर यात्रा कराते हैं। भाजपा नेता दिवाकर दुबे उर्फ चंचल ने इस घटना को सरकार की नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार मजदूरों को रोजगार देने में पूरी तरह विफल है। प्रशासन की लापरवाही से मजदूर पलायन के लिए असुरक्षित यात्रा करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की कि मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए और ऐसे लेबर सप्लायरों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जो असुरक्षित यात्रा कराते हैं।**

### पिछली घटनाएं और समाधान की मांग

**गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी गढ़वा श्री बंशीधर नगर की सड़क पर पाल्है गांव के निकट बड़ी दुर्घटना हुई थी। ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रशासन को पलायन और मजदूरों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।**

### आक्रोश | वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने की बैठक

# अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल में रविवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी सह पंसस नागेंद्र सिंह व पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में ग्रामीणो ने बैठक की। सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि क्षेत्र से अवैध रूप से बालू का उठाव कर उसे दूसरे प्रखंड में ले जाकर नहीं बेचने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले बालू उठाव करने वाले सभी लोगों को अपने क्षेत्र में वर्जित करेंगे। अगर वह नहीं मानते हैं तो उनके बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर अंचल अधिकारी व संबंधित प्रशासन को सौंप देंगे। ग्रामीणों की मांग पर उन पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि क्षेत्र से प्रत्येक दिन 25 से 30 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू का उठाव कर अन्यत्र दूसरे प्रखंड में ले जाकर बेचा जा रहा है। वह दिन दूर नहीं जब हम लोगों को अपना घर बनाने के लिए भी बालू के लिए तरसना पड़ेगा। रात में ट्रैक्टर के आवाजाही के आवाज के कारण ग्रामीण पूरी रात सो नहीं पा रहे हैं। इसलिए डोल पंचायत के ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है कि अब बालू का उठाव नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य अरुण यादव, रामबली सिंह, विनय साह, जैनील कुमार, अणेश यादव,उपेंद्ररवि, दीपक रवि, ग्रामीण विकास यादव, छोटू भुइयां चंदू सिंह, कुलदीप कोरवा, रविकांत कोरवा, अर्जुन प्रजापति, सजीवन कोरवा, विजय सिंह, जनाब अंसारी,मुकेश गुप्ता, विजय सिंह, शंकर यादव,सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन की तिथि निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के छह विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी) के पुनर्गठन का कार्य आगामी 9 से 11 दिसंबर तक संपन्न होगा। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने पत्र जारी कर तिथियों और स्थानों की जानकारी दी। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तर पर तैयारियां की गई हैं। चुनाव की तिथियां और स्थान के लिए जारी पत्र के अनुसार अलग-अलग विद्यालयों में चुनाव की तिथियां तय की गई है, जिसमें एनपीएस हरिहरगंज 9 दिसंबर को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कासियाडावा में10 दिसंबर, पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी में 9 दिसंबर, प्लस टू उच्च विद्यालय राजी 10 दिसंबर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा में 12 दिसंबर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खरौंधी 11 दिसंबर को पुनर्गठन के लिए बैठक आयोजित होगी। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि चुनाव से संबंधित सभी जानकारी संबंधित प्रधानाध्यापकों को दे दी गई है। प्रधानाध्यापकों को निर्देशि दिया गया है कि वह अपने पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों के माता-पिता को समय पर सूचित कर चुनाव प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करें। प्रत्येक प्रधानाध्यापक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों। अभिभावकों को बुलाने के लिए व्यक्तिगत सूचना और विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पां करने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापकों की होगी।चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रखंड स्तर से पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। ये पर्यवेक्षक चुनाव के दौरान उपस्थित रहेंगे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सतर्कता बरतेंगे। उन्हें शांति और स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने व मुख्य उद्देश्य के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, विद्यालयों के प्रबंधन में समुदाय की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। यह प्रक्रिया न केवल विद्यालय प्रशासन को सुदृढ़ करती है, बल्कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाने में सहायक है। संबंधित अधिकारियों ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने अधिकार का उपयोग करें।

## निःशुल्क डेंटल कैंप 10 से

**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित वारसी कंपलेक्स में अवस्थित जनता डेंटल क्लीनिक में 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी जनता डेंटल क्लीनिक के प्रोपराइटर डॉ. एमएन खान ने दी। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण कई लोग अपनी दातों का इलाज नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण लोग दांत की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। इस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों की परेशानी को देखते हुए 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया गया है, ताकि लोगों को दांत की बीमारियों से मुक्ति मिल सके।

# एसपी ने छोटू खेरवार के हत्या स्थल का किया निरीक्षण

**मृत्युंजय भुइयां के परिजनों से भी मिले**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर छोटू खरवार की हत्या के मामले में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने रविवार को जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के भीमपाव जंगल में घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा जिस स्थान पर रीजनल कमांडर छोटू खेरवार की हत्या की गई थी उसका भी गहनता से स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान छोटू खरवार की हत्या के सारी तत्थों की पुलिस अधीक्षक ने जानकारी ली। बताते चले कि 27 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि भीमपाव जंगल में छोटू खेरवार का शव मिला है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मृत्युंजय भुइयां 10 लाख रुपए का इनामी सबजोनल कमांडर के घर छिपादोहर के चकलवा टोला पहुंचे। उसके परिजनों से मिलकर उसे आत्म समर्पण कराने के लिए परिजनों को प्रेरित किया। मौके पर एसडीपीओ भारत राम, छिपादोहर थाना प्रभारी आईआरबी के जवानों के साथ चुंगरू पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया समेत कई लोग शामिल थे।

# शॉट सर्किट से मचान में लगी आग, पुआल जल कर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बालुभांग के डकादिरी ग्राम निवासी मिथलेश यादव पिता बलारी यादव के मचान मे आग लग जाने से मचान में रखा पुआल जलकर राख हो गया। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी मिथलेश यादव ने बताया कि नजदीक के कुएं में मोटर लगाकर राय व आलू की फसल में पटवन कर रहे थे। इस दौरान मचान के पास शॉट सर्किट हुआ और देखते ही देखते मचान में आग लग गयी। आग की लपटे इतनी तेज थी कि आस पड़ोस के ग्रामीण महेश यादव,अजय यादव ,प्रसाद यादव, कुलदीप यादव ,हरदेव यादव ,बृजेश कुमार यादव ,विकास कुमार यादव, संदीप यादव, गणेश यादव ,संजय यादव, रंजन यादव सहित कई लोगों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में थोडी देर और होती तो आस-पास के कई खपरैल के घरों में आग लग सकता था। ग्रामीणों ने सही समय पर आग बुझाकर घरों में आग लगने से बचा लिया। किसी भी तरह के जान माल की क्षति नहीं हुई।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र के नेतरहाट थाना अंतर्गत बटुआटोली निवासी 5 वर्षीय बिसुआ किसान का बाइक के सड़क हादसे में मौत हो गई। नेतरहाट थाना प्रभारी ने बताया कि सनसेट पॉइंट के पास पर्यटक घूम कर नेतरहाट बाजार क्षेत्र की ओर आ रहे थे। इस क्रम में बटुआ टोली निवासी बिसुआ किसान अपने घर से निकल कर सड़क पर चली गई थी। इस दौरान किसी अज्ञात बाइक सवार धक्का मार कर फरार हो गया। घायल अवस्था में बच्चे को बिसुनपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने गुमला रेफर कर दिया। वहां इलाज के क्रम में मौत हो गया।

### ग्रामीणों को दी गई लोक अदालत की जानकारी



**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड के बेलगाड़ा गांव में रवीवार को विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देश पर पीएलवी संजय चौधरी, मुन्ना दास ने कुंदा के ग्रामीणों को 14 दिसंबर को चतरा कोर्ट में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। नालसा के 1500 टोल फ्री नंबर के संबंध में भी बताया गया। घरेलू हिंसा के मामलों में सरकार द्वारा महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सलाह दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विधिक जानकारी प्रदान करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

### जेसीबी व हाइवा से बैटरी की चोरी



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में बीती रात चोरों ने खड़ा जेसीबी व हाइवा से बैटरी की चोरी कर ली गई है। जेसीबी के मालिक संजय कुमार दांगी व राजेश कुमार दांगी ने बताया कि शनिवार रात जेसीबी ड्राइवर घर के पास खड़ा किया था, रविवार सुबह देखा तो जेसीबी से बैटरी चोरी कर ली गई है। साथ ही रेलवे के कार्य में लगे सड़क किनारे खड़ा हाइवा से भी बैटरी की चोरी कर ली गई है। समाचार लिखे जाने तक थाने में चोरी से संबंधित आवेदन नहीं दिया गया था। हालांकी इसकी मौखीक सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच के साथ चोरों की तलाश जारी।

### राजद की बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले तीन पदाधिकारियों को निष्कासित करने की अनुशंसा




**चतरा।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता की उपस्थिति में चतरा स्थित उनके आवास पर राष्ट्रीय जनता दल की रविवार को समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव ने की। बैठक की शुरूआत विधानसभा चुनाव परिणाम पर पर चर्चा करते हुए चुनाव में हुई हार के कारणों की समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों की समीक्षा की गई। सभी वक्ताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिया। साथ ही समीक्षा बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चन्द्रिका यादव प्रदेश महासचिव, रामेश्वर यादव 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, राजेन्द्र राम जिला उपाध्यक्ष को चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने के कारण पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने के लिए झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष को अनुसंशा की गई। समीक्षा बैठक में पार्टी के प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरीय, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हाइवा के धक्के से दो बाइक सवार घायल, स्थिति गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के हूंबु ग्राम के पास हाइवा के धक्के से दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हेरहंज प्रखंड मुख्यालय निवासी अरविंद प्रसाद साहू के पुत्र अभिषेक कुमार, लातेहार थाना क्षेत्र के डीही मूरूप पंचायत अंतर्गत सिमरिया गांव निवासी सूर्य देव लोहरा के पुत्र मंतोष लोहरा के रूप में हुई। स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार युवक हेरहंज थाना क्षेत्र के ब्रह्ममोरिया गांव से कुछ कार्यों का निपटारा कर बाइक से हेरहंज लौट रहे थे। इस इस दौरान पीछे चल रही एक हाइवा वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में दोनों ही घायल बाइक सवार लोगों का सिर फट गया है। शरीर में कई जगह पर गंभीर और आंतरिक चोट लगी है। बता दें कि इस मार्ग पर आए दिन कोयला परिवहन में लगे हाइवाके कारण दुर्घटना रही है। इससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के संत जेवियर्स कॉलेज स्थित महुआडांड़-डालटनगंज रोड के समीप रविवार की शाम मोटरसाइकिल पर तीन सवार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। तीनों युवक राजडंडा की ओर से तेजी से महुआडांड़ की तरफ आ रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मौके पर ही विवेक भगत पिता मनोज भगत ग्राम टांगीनाथ थाना डुमरी की मौत हो गई। अनिकेत उरांव और कुणाल बड़ाईक जो महुआडांड के ग्राम डीपाटोली निवासी है, वह गंभीर रूप से घायल है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड में भर्ती कराया गया। डॉक्टर रवि भगत ने प्राथमिक इलाज कर स्थिति को गंभीर देखते हुए दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना पुलिस ने दे दिया है। मोटरसाइकिल सवार बिना हेलमेट पहने नशे की हालत में मोटरसाइकिल चला रहे थे। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल कुछ दूर स्थित खेत में जा गिरी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बाइक दुर्घटना एक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा बालूमाथ एनएच 22 मार्ग पर मकईयाटाड़ डीएवी मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में बाइक चालक पिंडारकोम ग्राम निवासी गोविंद यादव के पुत्र यशोदा यादव घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल यशोदा यादव चंदवा से बालूमाथ घर लौटने के क्रम में वह कुसमाही साइडिंग मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया कि सड़क पर कोयले की डस्ट जमा होने पर पानी पड़ने से फिसलन होने के कारण वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

### सड़क दुर्घटना में बिजली विभाग के सहायक अभियंता घायल



**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ-75 पर मनिका थाना क्षेत्र के नदबेलवा मोड़ के पास रविवार की दोपहर ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मेदिनीनगर (ग्रामीण) के सहायक अभियंता दामोदर रंजन व कार में सवार अंगद कुमार घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार व एसआई मनोज कुमार दुबे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गये। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां उनका प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# यादव महासभा का युवा जिला कमेटी का विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थिति माको डाक बंगला में प्रांतीय युवा यादव महासभा के युवा जिला कमेटी की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। अध्यक्षता प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव, प्रदेश सचिव उषा देवी मौजूद थी। सर्वसम्मति से युवा जिला कमेटी का विस्तार किया गया। मदन यादव, उमेश यादव, निर्मल यादव, विशुनदेव यादव, राजकुमार यादव, सतीश यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। पारस यादव, सुरेन्द्र यादव, पिंटू यादव, चिंटू यादव, अखिलेश यादव, फुनेश्वर यादव को सचिव, आलोक कुमार यादव को महासचिव, सयलोक यादव को कोषाध्यक्ष, नागेंद्र यादव को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सुजीत कुमार यादव को लातेहार नगर अध्यक्ष, उमेश यादव को गारू प्रखंड अध्यक्ष, प्रीतलाल यादव को जिला संयोजक, संतोष यादव, राहुल यादव, निरंजन यादव, विपिन यादव, मुनिप यादव, विमलेश यादव को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। सभी नव नियुक्तपदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव ने कहा कि नवनियुक्तसभी पदाधिकारी के लोगों को जो दायित्व मिला हैं। सभी लोग ईमानदारी पूर्वक काम करते हुए समाज को आगे बढ़ाए। मौके पर जिला संयोजक सागर यादव, रघुवीर यादव, रंजीत कुमार यादव, रमेश यादव, संतोष यादव, हरिहर यादव, जितेंद्र यादव, शंकर यादव, मनिका प्रखंड अध्यक्ष अंकित कुमार, अंजू यादव, रंजन कुमार यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव का मनाया जाएगा शहादत दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड के कामता गांव में शहीद भिखारी कांफ्रेंस हॉल में समाजसेवी व बुद्धिजीवी की बैठक रविवार को हुई। अध्यक्षता तस्दीक अंसारी व संचालन सहमुद अंसारी ने किया। वहां शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव के शहादत दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में खास तौर पर शामिल रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, समाजसेवी सह गाड़िलोंग मुखिया पति सुभान अंसारी सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत के समाजसेवी शामिल थे। बैठक में इकबाल हुसैन ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी से इस देश को आजादी मिली। तस्दीक अंसारी ने कहा कि समाज के लोगों को आगे आकर कार्यक्रम को सफल बनाना चाहिए। जियाउल अंसारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों की कुर्बानी भूलना नहीं चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन भी किया। संयोजक इकबाल हुसैन, तस्दीक अंसारी को बनाया गया। अध्यक्ष सईद अंसारी राहम, उपाध्यक्ष मो. मोबिन अंसारी, सचिव गुलाम सरवर, उपसचिव सहमुद अंसारी, कोषाध्यक्ष जियाउल हक अंसारी, उपाध्यक्ष मनीर अंसारी, उपाध्यक्ष मो अबरार, उपसचिव अफजल अंसारी व गियास अंसारी को बनाया गया। कार्यकारिणी में एजाजुल अंसारी व कारी मुमताज को बनाया गया। चुने गए सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव की शहादत दिवस को भव्य तरीके से आने वाले 11 जनवरी 2025 को मनाने का आह्वान किया। बैठक में समाजसेवी जिशान अहमद, सईद अंसारी, इलियास अंसारी, सहमुद अंसारी, मो. अबरार, कारी मुमताज, गुलाम सरवर आदि मौजूद थे।

**एनएच 75 से जीलिंग गांव तक की सड़क का हाल बेहाल**

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क

- हर साल ग्रामीण सड़क की मरम्मत करने को है मजबूर
- आजादी के वर्षों बीतने के बावजूद गांव तक पक्की सड़क नहीं
- मरीजों को अस्पताल ले जाने में बड़ी परेशानी होती है



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अमझरिया घाटी से जीलिंग गांव तक जर्जर सड़क की मरम्मत रविवार को जीलिंग गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रमदान कर चलने योग्य बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद गांव तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में बड़ी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य सड़क से जीलिंग के बीच लगभग एक किलोमीटर तक वन विभाग की जमीन पड़ती है, जिसके कारण भी परेशानी हो रही है। इस सड़क का इस्तेमाल प्रतिदिन कई गांव के लोग करते हैं। उक्त सड़क का निर्माण हो जाने से लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में बड़ी सहूलियत होगी। श्रमदान करने वालों में मुटुर गंझू,संजय गंझू,शत्रुधन गंझू,आशीष गंझू,सतन गंझू,सुरेंद्र गंझू,विजय गंझू,सोहर गंझू समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हैं।

### जिला स्तरीय लीग मैच में सांई वाटसन ने जीत जीत दर्ज की

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे जिला लीग मैच में रविवार को पिपरवार जूनियर बनाम सांई वाटसन चतरा के बीच मैच खेला गया। पिपरवार जूनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 155 रन बनाया। पिपरवार जूनियर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सचिन 36 व रौशन 30 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सांई वाटसन चतरा ने 23.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 156 रन बना कर जीत की लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सांई वाटसन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए दीपक 55 व प्रवीण ने 30 रनों का योगदान दिया। इस तरह पिपरवार जूनियर को सांई वाटसन चतरा ने सात विकेट से हरा दिया। सांई वाटसन चतरा के तरफ से उज्जवल कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा ,कोषाध्यक्ष सरोज सिंह, सदस्य मिथिलेश कुमार राय सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रक ऑनर ने की बैठक, सीसीएल से सात सूत्री मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के विस्थापित भू रैयत ट्रक ऑनरों ने रविवार को उप प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में बैठक कर मुख्य रूप से आरा चमातू विस्थापित भू रैयत ऑनर मौजूद थे। मौके पर ट्रक ऑनरों ने कहा कि मगध माइंस उनकी दी हुई जमीन पर संचालित हो रही है। इसके बावजूद भी सीसीएल भू रैयत, ट्रक ऑनरों से जायजती कर रही है। सीसीएल उनकों अधिकारों से वंचित कर रही है। उन्हें धूल के बीच बेरोजगार रहने को विवश हैं। अगर सीसीएल शीघ्र सात सूत्री मांग पूरी नहीं करती है तो विस्थापित भू रैयत एक साथ मिलकर माइंस को बंद कर देंगे व परिवहन कार्य ठप कर देंगे। सात सूत्री मांग में मगध कोलियरी से के विस्थापित को नौकरी, मुआवजा, विस्थापन नीति का लाभ देन,आरसीआर मोड़ में प्रत्येक माह तीन लाख टन कोयला का ऑप्शन देने, विस्थापित ट्रकों को प्रथमिकता देते हुए गाड़ी अनुसार फॉर्मेट उपलब्ध कराने, विस्थापित बच्चों के अच्छी पढ़ाई के लिए स्कूल की व्यवस्था कराने, ट्रक ऑनर लागू वर्ष 2018 का भाड़ा को लागू करते हुए जिन ट्रांसपोर्टर का बकाया भाड़ा रखा गया है, उसे दिलवाने का मांग शामिल है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टर को तय भाड़ा नहीं देने पर उसे मगध से ब्लैक लिस्ट करने, विस्थापित ऑनर व विस्थापित रैयत,ड्रेपिंग सिस्टम के माध्यम से 24 घंटा रोड़ में पानी का छिड़काव कराने की मांग है। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम मिथुन साव,अभिमन्यु साव, गोपाल यादव, जितेंद्र प्रसाद ,मुकेश राम, मदन साव, विनोद साव ,अजय साव, पारस उरांव ,सत्यनारायण साव, त्रिवेणी साव ,सुकर उरांव ,सोनू साव, शिवनंदन साव, कृष्णा साव, कुशियाल साव, मोहन साव, राजेंद्र राम ,रामानुज प्रसाद, प्रेम साव, विनय कुमार ,संभू साव, दिलीप प्रसाद, अशोक साव, रोहित कुमार ,गोपाल साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा की सड़कों पर अतिक्रमण, शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की जरूरत

# हर चौक-चौराहों और बाजार में अतिक्रमण होने से सड़कें जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा की सड़कों पर वर्तमान में अतिक्रमण का कब्जा हो गया है। अतिक्रमण ऐसा की सड़कें छोटी हो गई है। लोग संकीर्ण सड़कों पर चलने को मजबूर हैं। शहर के बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कुछ महीने पहले नगर परिषद द्वारा शुरू किया गया अभियान भी छोटे बड़े दुकानदारों के आगे बेमानी साबित हो रहा है। नगर परिषद के द्वारा कुछ माह पहले अभियान चलाया गया था लेकिन उसका असर लोगो पर नहीं हुआ। जबतक अभियान चलता है तबतक लोग सड़कों से दुकान हटा लेते हैं और जैसे ही अभियान वाले पदाधिकारी जाते हैं वैसे ही लोग पुनः दुकान लगा देते हैं। वर्तमान में पावरगंज से महावीर चौक तक आने के लिए लोगो को लगभग आधा घंटा तक समय लग जाता है जबकि इसकी दूरी महज लगभग डेढ़ किमी ही है। सड़को पर अतिक्रमण होने के कारण सड़क जाम लग जाती है जिसके कारण लोगो को ज्यादा समय लग जाता है।



ऐसा ही हालात बरवाटोली चौक से महावीर चौक के बीच की भी है। यहाँ की सड़कों पर भी छोटे छोटे दुकानदार अतिक्रमण कर लिए है। वही सोमवार बाजार, बड़ा तालाब, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक आदि मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण ज्यादा है। शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार करना होगा सिर्फ जुर्माना लगाकर इसको नहीं रोका जा सकता है। लोगों की मानसिकता भी बदलनी जरूरी है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इससे सड़के भी चौड़ी हो जाएगी और सड़क जाम की समस्या भी दूर हो पाएगी। वर्तमान में लोहरदगा शहर के हालात ऐसे हैं कि फुटपाथ पर भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है और दुकानदार सड़कों पर अपनी दुकान लगा रहे हैं।

अपना खुद का स्थाई दुकान होने के बावजूद सड़कों पर दुकान को आगे बढ़ा लेते हैं। जिसके कारण सड़के संकीर्ण हो जा रही है। सड़को को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में अबतक कोई कार्रवाई नही किया जा रहा है। वही दुकानदार एक जिम्मेदार शहरी होने का भी फर्ज नहीं निभा रहे है। सड़को से अतिक्रमण हटाने की दिशा में दुकानदारों को स्वयं पहल करनी चाहिए।

वर्तमान में बढ़ती जनसंख्या के साथ अब गाड़ियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है. इसके कारण शहर की अधिकांश सड़कों पर सुबह से देर शाम तक भीड़-भाड़ रहती है. अनुशासनहीनता के कारण पहले से ही खचाखच भरी सड़कें ट्रैफिक का भार संभालने में असमर्थ साबित हो रही हैं. दूसरी ओर सड़को पर अतिक्रमण हो जाने से लगातार जाम की समस्या बढ़ गई है। बहरहाल सड़को पर अतिक्रमण होने की वजह से आम जनता को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए नगर परिषद लोहरदगा को विशेष पहल करने की जरूरत है।

# संचालित योजनाओं की जानकारी रखे जनता : बीडीओ संग्राम मुर्मू

### अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय महात्मा गांधी सभागार में जिला विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीडीपीओ नीलू रानी कच्छप, अधिवक्ता उमेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि विधिक जागरूकता शिविर में आम जनता को कानूनी सलाह दिया जाता है।तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाती है। जिसे आम जनता योजनाओं की जानकारी रखने पर ही लाभुक योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। वही वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश कुमार ने कहा कि सभी व्यक्ति कानून की जानकारी रखें समाज से बाल विवाह, नशापान, डायन बिसाही,अशिक्षा जैसे कुप्रथा को दूर करने में सहयोग करें और पोस्को कानून, बाल विवाह, दहेज कुप्रथा, नशापान, हिंसा, बाल विवाह के खिलाफ समाज के लोगों को जागरूक करें मौके पर उपस्थित सीडीपीओ नीलू रानी कच्छप ने कहा कि बाल विकास परियोजना विभाग से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रामीण क्षेत्र के माता और बच्चे बच्चियों के प्रति विभिन्न तरह कार्य किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे बच्चियों के देख भाल होता है। पौष्टिक आहार, टीकाकरण, दवा वितरण भी किया जाता है।





जिसका लाभ उठायें साथ ही कन्या दान योजना, सावित्री बाई फुले योजना की भी जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता शिविर में लाभुकों के बीच आबुआ आवास स्वीकृति पत्र,धोती साड़ी,नया राशन कार्ड सहित अन्य परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीडीपीओ नीलू रानी कच्छप, अधिवक्ता उमेश कुमार, संजीत उरांव, मो अजहरुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश साहु, गुहा उरांव,त्रिवेणी भगत, नागमनी उरांव सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## मुरकी तोरार में लिंग आधारित हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लिंग आधारित हिंसा पर सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मुरकी तोरार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में गैर संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख अमित तिवारी, सोशल वर्कर अखिलेश्वर पाण्डेय तथा सन्नू भुइयां, आउटरीच वर्कर ने जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त एवं सामान्य रूप जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कुल के प्रधानाध्यापक- अरुण भगत, शिक्षक राजवीर चौधरी, अमित नायक एवं संजित कुमार और स्कूल के छात्र उपस्थित रहे। विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को भी बाल विवाह का शपथ दिलायी गयी।

### विद्यालय के बच्चों को दी गई ये जानकारी

**पॉक्सो अधिनियम :** पॉक्सो अधिनियम (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट) भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक अधिनियम है, जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न से बचाना है।

**असुरक्षित स्पर्श :** असुरक्षित स्पर्श एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी व्यक्ति को उसकी सहमति के बिना या उसकी सीमाओं का उल्लंघन करते हुए स्पर्श किया जाता है। यह स्पर्श शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक रूप से हानिकारक हो सकता है।

### भंडरा में मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैंप का आयोजन, बोली इंद्राणी कुजूर

## ग्रामीण कोर्ट कचहरी से ना डरें, न्याय सबके लिए है समान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और प्रखंड प्रशासन भंडरा के संयुक्त प्रयास से रविवार को मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैंप का आयोजन प्रखंड मुख्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अस्सीस्टेन्ट एलएडीसीएस इन्द्राणी कुजूर, विशिष्ट अतिथि बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, बीईईओ जयनाथ महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में भंडरा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राएं एवं जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि को बीडीओ व सीओ ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी गणमान्य एवं आम जनों का मुख्य अतिथि इन्द्राणी कुजूर के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य उद्देश्य संबंधी जानकारी दी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी द्वारा स्वागत संबोधन करते हुए प्रखंड के विकास कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रखंड की जनसंख्या कृषि पर आजीविका के लिए आश्रित है और यह कृषि मूलतः वर्षा आधारित एक फसल है लघु एवं सीमांत जोत, सूक्ष्म निवेश, कम उत्पादकता और कमजोर विपणन व्यवस्था से प्रभावित है। रोजगार के साधनों के अभाव में कृषि कार्य समाप्ति के बाद प्रखंड के ग्रामीण बड़ी संख्या में रोजगार की खोज में बाहर के राज्यों में पलायन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले साल आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड के सभी 9 पंचायत में शिविर का आयोजन कर विभिन्न योजनाओं से वंचित लाभुकों को लाभान्वित किया गया था। साथी उन्होंने कहा कि आज जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में इस विधिक जागरुकता कार्यक्रम के तहत दर्जनों लाभुकों की परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि इन्द्राणी कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण कोर्ट कचहरी से ना डरे न्याय सबके लिए सामान है। डालसा ग्रामीणों को उचित न्याय मिले इसके लिए सदा तत्पर है। उन्होंने कहा की डालसा जिले के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुलभता से मिले इसके लिए न्याय प्रशासन जिले के ग्रामीण इलाकों में एक क्यूआर कोड जारी करेगी। जिसके सहयोग से ग्रामीण की समस्या और उनकी आवश्यकताओं को उनके घर तक पहुंचाने में डालसा मदद करेगी। साथ हीं उन्होंने जिले के आर्थिक विकास के लिए खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैंप के माध्यम से पेंशन, सावित्री बाई फुले झानों,पशु शेड, किसानो को मक्का बीज, सहित दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र आदि योजनाओं से संबंधित लाखो रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम मे मंच संचालन प्रखंड समन्वयक मनीष अग्रवाल ने किया। इस मौके पर बीपीओ अधिषेक हेमंशु, पीएलभी सीमा कुमारी, नीलम मिंज, नितलेन्द्र कुमार, अजय कुमार, महिपाल भगत, तिवारी भगत, अजय भगत, आशीष कुजूर, दिनेश उरांव, हेमंत गुप्ता, राम उरांव, सहित अन्य मौजूद थे।



## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में बक्सीडीपा के समीप से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लदे परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा के समीप से गश्ती के दौरान अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना परिसर सेन्हा में सुरक्षित रखा गया। वहीं अग्रतर कारवाई के लिये खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। वही इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गस्ती के दौरान रात्रि में अवैध बालू लेकर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। वहीं चालक से ट्रैक्टर में लोड बालू से संबंधित कागजात की मांग किया गया तो चालक ने कोई कागजात प्रस्तुत नही किया। अवैध बालू होने की संदेह पर पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा। अग्रतर कारवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा को सूचनार्थ किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर अगले आदेश तक क्षेत्र में अवैध बालू,पत्थर एवं अन्य खनिज संपदा उठाव तथा व्यपार पर अंकुश लगाने का दिशा में कारवाई जारी रहेगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा की



**लोहरदगा।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों की भूमिका की कड़े शब्दों में भत्सर्ना की है। उन्होंने कहा है कि बंगलादेश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार की प्रकाष्ठा हो रही है। हिन्दुओं के सभी मंदिर तथा धार्मिक सथलों को ध्वस्त कर उनकी संपत्तियों पर भी जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस घटना पर विपक्षी दल को वोट बैंक की चिंता हो रही है। वह मुक्त दर्शक की तरह इस अत्याचार को देख रहे हैं। देश के सनातन समाज इसे गंभीरता से देख रही है। इंग्लैंड,अमेरिका सहित विश्व अनेक देश के प्रमुख नेताओं ने बांग्लादेश में हो रहे इस तरह की घटनाओं की घोर निंदा के साथ बांग्लादेश को चेता रहे हैं पर वहां हिंदू विरोधी विध्वंसक कार्रवाई रुक नहीं रही है। संपूर्ण देश में इन घटनाओं का प्रबल विरोध व्यापक रूप से हो रहा है। केंद्र की सरकार भी इस मुद्दे को लेकर हर स्तर पर बांग्लादेश पर नजर बनाए रख रही है। आम सनातनी केंद्र सरकार से इस ज्वलंत मुद्दे पर और कड़े से कड़े तथा गंभीर निर्णय लेने का आग्रह कर रही है।

## कुडू के चन्दलासो डैम में कई हिस्सों में कटा शव पानी में तैरता मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के चन्दलासो पंचायत स्थित डैम में रविवार की दोपहर कई टुकड़ों में बंटा एक शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आसपास के गांव के बच्चे जब डैम में नाव में घूम रहे थे। इसी बीच बच्चे जब कमल फूल तोड़ने के लिए आगे गए तब उन्हें एक पैर तैरता दिखा वहां से लौटने पर उनहे पानी में अलग अलग भाग में शव को तैरता देखा। जिसके मामले की सूचना कुडू थाना को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला है। हालांकि शव का सर, दोनों हाथ और दोनों पैर के अलावा बाकी अंग अभी भी बरामद नही हो सका है। बाहर निकालने पर पता चला कि शव को कई टुकड़ों में काटकर ग्रीन हॉउस में लगने वाले पर्दे में लपेटकर ठिकाने लगाने की नीयत से डेम में फेंका गया होगा। वहीं बरामद अंगों की हालत को देखकर कयास लगाया जा रहा है कि शव दो तीन माह पुराना हो सकता है। उम्र 40 वर्ष के आसपास हो सकती है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन बाकी अंगों को खोजने का प्रयास कर रहा है। शव किसका है और कब का है तमाम पहलुओं पर पुलिस तमाम पहलुओं की जांच कर रही है।



## छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के छात्राओं को सरस्वती यात्रा के तहत हॉस्पिटल, पोस्ट ऑफिस, थाना, ऐतिहासिक राम, मंदिर एवं बैंक में सरकारी प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली, क्रियाकलापों से अवगत हुई। वहां प्रदान की जानेवाली कई सुविधाओं की जानकारी के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के जीव विज्ञान की आचार्या मंजू देवी की निगरानी में कक्षा नवम के बहनों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

## किशोर किशोरियों को दिया गया स्वास्थ्य स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सहिया व साथिया तथा किशोर किशोरियों को रविवार से द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक लीलावती देवी, नौमी खाखा, दिव्या किरण, तिलोत्तमा कुमारी, लीलावती कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से विस्तार पूर्वक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में किशोर किशोरियों को जानकारी देते हुए बताया गया। स्वास्थ्य बढ़ाना, पारस्परिक सम्बन्ध, भवनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर व लिंग, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, मादक पदार्थ की रोक थाम का प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन क्षमता और एचआइवी का रोक थाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इन्टरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना सहित विभिन्न बिंदुओं के बारे में बताया गया। साथ ही सहिया व साथिया को मानसिक, भवनात्मक और कल्याण के बारे में विस्तारकपूर्वक जानकारी दिया गया। वही प्रशिक्षण के उपरान्त किशोर किशोरियों को रोलप्ले व गेम के माध्यम से जानकारी दि गई। मौके पर शकुंतला देवी, मानती देवी, रूनी देवी, बसंती देवी, ललिता देवी, राधा देवी सहित अन्य सहिया, साथिया और किशोर किशोरी उपस्थित थे।

### मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का हुआ आयोजन, बोले प्रधान न्यायाधीश

# सशक्तीकरण का अर्थ लोगों को योजनाओं का लाभ मिले : श्री सुभाष

*1,71,601 लाभुकों के बीच हुआ परिसंपत्तियों का वितरण*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सदर प्रखण्ड परिसर स्थित नए टाउन हॉल में मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, प्रभारी डालसा सचिव अर्चना कुमारी और सदर प्रखण्ड बीडीओ गौरी शंकर ने किया। सभी अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने कहा कि सशक्तीकरण का अर्थ है कि सरकार के द्वारा लोगों के लिए चलाई योजनाओं का लाभ लोगों को मिल जाए। सरकार जो योजना चलाती है उसका मुख्य उद्देश्य होता है उस योजना का लाभ लाभुकों को मिले। ताकि वे अपने पैरों में खड़े होकर अपना कार्य कर अपनी आजीविका चला सकें। उन्होनें यह भी कहा कि यदि किसी को कानूनी संबंधी जानकारी चाहिए वे डालसा कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है। जहां उन्हें कानून संबंधित उचित सलाह दी जाएगी। वहीं उन्होंने 14 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी लोग लोक सेवा के लिए निरंतर लगे हुए है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर बिना डर और घबराहट के स्थानीय थाना जाएं। वहीं कई टॉल फ्री नंबर जारी किए गए हैं उसमें बात करें। यदि जाने में असमर्थ हैं तो ऑनलाइन या फोन में माध्यम से शिकायत करें। समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं प्रभारी डालसा सचिव अर्चना कुमारी ने कहा कि जानकारी के आभाव में लाभुक योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। वहीं उन्होंने कहा कि शिविर में दी गई विधिक जानकारी को अपने तक सीमित नहीं रखें। अपने क्षेत्र के लोगों को इसके बारे में बताए। वहीं लगभग 350 लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के साथ परिसंपति का वितरण किया गया। जिसमें महिला समूह के बीच 4 करोड़ 44 लाख रुपए की परिसंपति का वितरण किया गया। साथ ही मनरेगा अंतर्गत 9 लाभुकों के बीच गाय/सुकर शेड निर्माण के लिए 11,16,024 रुपए, मनरेगा अंतर्गत 6 लोगों को नया जॉब कार्ड, अबुआ आवास योजना अंतर्गत 5 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 5 लाभुकों का गृह प्रवेश, बीज का वितरण, जन्म प्रमाण पत्र, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं का वितरण किया गया। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी शिविर का आयोजन किया गया। जिसके किस्को प्रखण्ड में डिप्युटी चीफ एलएडीसीएस नारायण साहू, सहायक एलएडीसीएस सुदामा साहू, कुडू प्रखंड में अधिवक्ता सह मध्यस्त प्रवीण भारती और मध्यस्त युगल किशोर, सेन्हा प्रखंड में डिप्युटी चीफ एलएडीसीएस उमेश साहू, भंडरा प्रखण्ड में सहायक एलएडीसीएस इंद्राणी कुजूर, पेशरार प्रखण्ड में अधिवक्ता सह मध्यस्थ लाल धर्मेंद्र देव और कैरो प्रखंड में एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी और सहायक एलएडीसीएस भूपेंद्र कुमार उपस्थित रहे। वहीं किस्को प्रखण्ड में 1368 लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के साथ 35 लाख रुपए की परिसंपति, सेन्हा प्रखण्ड में 51 लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के साथ 3,29,000 रुपए की परिसंपति, कैरो प्रखंड में 179 लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के साथ 13,48,500 रुपए की परिसंपति, कुडू प्रखण्ड में 169591 लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के साथ 31,11,60,816 रुपए की परिसंपति, भंडरा प्रखंड में 62 लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के साथ 34,76,204 रुपए की परिसंपति का वितरण किया गया। मौके पर निलेश तिर्की, स्वाति नम्रता एक्का, पीएलवी नेम्हंति मिंज, गौतम लेनिन, दुखिता मिंज, रोहित कुमार, छाया देवी, रवि कुमार, देवमनी कुमारी, अमित दुबे, सदर प्रखंड के कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





### सेवा भारती का निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन

## बढ़ती ठंड में बच्चों व बुजुर्गों को खास ध्यान देने की आवश्यकता : डॉ कुमुद अग्रवाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 130 वां सप्ताह रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। अन्य सभी प्रकार की जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ही खर्च में की जा रही है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस बढ़ते ठंड के मौसम पर बच्चों एवं बुजुर्गों को खास ध्यान देने की आवश्यकता है। हर समय गुनगुना पानी का ही सेवन करें। वहीं कहा की खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए अपने स्वास्थ की जांच समय-समय पर कराते रहने से बीमारी का पता चल सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की प्रतिदिन नियमित रूप से कम से कम आधे घंटे के योग एवं व्यायाम करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है और कहा कि किसी भी तरह के स्वास्थ की जांच कराने से घबराएं नहीं। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, राजीव यादव, सुबोध प्रसाद महतो, सत्यम सर्राफ, संध्या देवी, अंजलि सर्राफ, बाबूलाल राम भंडारा, अतुल सर्राफ, राजू अग्रवाल, रेखा देवी, प्रदीप साहू, प्रमोद प्रजापति, प्रभा देवी, संध्या देवी, केशव महतो, तपेश्वर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विनय श्रीवास्तव, संजय साहू, संतोष दास, त्रिकेश्वर अग्रवाल, डोमन चंद्र कर्मकार, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, सच्चिदानंद अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, ममता टोप्पो, रानी देवी,प्रभु दयाल साहू,ओम कांस्यकार, तारा राय भंडारी, नीलम देवी, माधुरी देवी, रमेश शर्मा, चिंतामणि देवी आदि उपस्थित थे।

### घाघरा में आभार व अभिनंदन समारोह में बोले चमरा लिंडा

# आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड संजीवनी के समान है

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के रन्हे स्टेडियम में एसटी- एससी ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के लिए आभार एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या बिशुनपुर विधान सभा से ग्रामीण एवं कार्यकर्ता पहुंचे थे। पारंपरिक रीति रिवाज से माननीय मंत्री को सभा स्थल तक लाया गया। सर्वप्रथम स्वर्गीय कार्तिक उरांव एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान चमरा लिंडा ने बिशुनपुर की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि एसटी एससी व ओबीसी समाज के लोगों का स्वाभिमान को बढ़ाने केलिए कार्य किया जाएगा। सरना कोड प्राप्त करना हम आदिवासियों का फंडामेंटल राइट है, अब हम सरना कोड लेकर रहेंगे। बिशुनपुर विधान सभा से चयनित विधायक के उपर आस्था जताते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने आदिवासियों एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों के सामाजिक उत्थान की जो जिम्मेदारी दी है। उसे हर हाल में पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा है कि घरों में शराब बनाना बंद करें शराब हमारे विकास का बाधक है। मईया सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये मिलेंगे अब आप अपने बच्चों को डीएवी और डीपीएस जैसे बड़े विद्यालयों में भेज कर पढ़ा सकते है। शिक्षा से ही हमारा सामाजिक एवम आर्थिक विकास संभव है। शिवराम कच्छप ने कहा कि बिशुनपुर विधान सभा की जनता ने लगातार चार बार लिंडा जी को विधायक बना कर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि हम विश्वास दिलाते है कि अंतिम सास तक हम आपके हक एवम अधिकार के लिए लड़ेंगे। स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से शिवराम कश्यप, ललिता लिंडा, अशोक उरांव, सतवंती देवी, संजीव उरांव, कृष्णा लोहरा, विजय साहू, लाल उरांव, विनोद उरांव, संजय उरांव, कामाख्या भगत, बलिराम लाल, सत्येंद्र उरांव, चंद्रदेव उरांव, देवेंद्र उरांव, शीला कुजूर सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

### चैनपुर में अंतर राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन

# दिव्यांगजनों को कार्यक्षमता से पहचाने : मेरी लकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड में रविवार को द सिस्टर्स ऑफ चार्ल्स सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और सिस्टर मेरी जेकब ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता से नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता से पहचाना जाना चाहिए। उन्होंने दिव्यांगजनों से शैक्षणिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। सिस्टर मेरी जेकब ने कहा कि दिव्यांगजनों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उनका विकास करने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने समाज से दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति और सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रेयर-नाच, स्वागत-गान और संगीत प्रस्तुति हुई, जिससे दिव्यांगजनों और उनके माता-पिता ने विशेष जुड़ाव महसूस किया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संत चार्ल्स सोसाइटी ने दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सहायता कार्यक्रमों की घोषणा की। इस आयोजन में चैनपुर प्रखंड के कई स्कूलों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संत चार्ल्स सोसाइटी और जन विकास समिति बाराणसी के सहयोग से किया गया।



## न्यूज | बॉक्स

### पालकोट थाना क्षेत्र में फरार दो अभियुक्तों के घर छापा, गिरफ्तार





**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के फरार दो अभियुक्तों के घरों में मंगलवार को पालकोट पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान पालकोट थाना प्रभारी मो. जंहागीर, एसआई राम पुकार बैठा, एएसआई प्रमोद कुमार यादव सहित पुलिस बल की एक टीम मौजूद रही। छापेमारी के दौरान कोलेंग पंचायत के सेमरा कुसूम टोली निवासी बिनोद लोहरा को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय के समक्ष 20 दिसंबर 2024 तक या उससे पहले पेश होने के लिए इख्तेयार किया गया है। दूसरी गिरफ्तारी झिकिरीमा पंचायत के बनयडेगा डांड़ टोली निवासी राजकुमार मांझी की हुई। मांझी बीते ग्यारह महीने से फरार चल रहे थे। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने उनके घर पर इख्तेयार किया।

### भालुओं के हमले से महिला घायल सदर अस्पताल में भर्ती



**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मंजीरा जंगल चेक डैम के समीप दर्दनाक घटना में पोको देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना उस समय हुई जब वह अपने पुत्र और पुत्री के साथ मंजीरा जंगल से लकड़ी चुनने गई थीं। अचानक झाड़ी से दो भालू - एक नर और एक मादा - निकल आए और महिला पर हमला कर दिया। महिला पर हमला होते देख दोनों बच्चे जोर जोर से चिल्लाने लगे, जिससे भालू वहां से भाग गए। महिला जमीन पर गिर गई और घटना में उसके सिर, चेहरे और पैरों में गंभीर चोटें आईं। तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिशुनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। दोनों बच्चों ने किसी तरह अपनी घायल मां को घर पहुंचाया और बाद में अस्पताल ले गए। फिलहाल, महिला का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। वन विभाग के फॉरेस्टर शेखर सिंह भी घटना की जानकारी मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को तत्काल 10 हजार रुपए की नगद सहायता दी। उन्होंने बताया कि कागजी कार्रवाई पूर्ण होते ही पीड़ित परिवार को और मुआवजा राशि दी जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे पर पुग्गू के समीप रविवार को एक दर्दनाक घटना हुआ। घाघरा थाना क्षेत्र के खम्भिया गांव निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना दोपहर 1:00 बजे की है। घटना में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और उनका एक हाथ टूट गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र साहू बाइक में सवार होकर सदर अस्पताल गुमला जा रहे थे। उनकी पत्नी अस्पताल में इलाजरत हैं, जिसके लिए वह उनके लिए जरूरी सामान लेकर अस्पताल आ रहे थे। तभी सामने से एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

### वार्ड सदस्य सह सहिया ने की आत्महत्या

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी बंडा पाठ गांव में वार्ड सदस्य सह सहिया रीमा उरांव ने शनिवार को अपने घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका की मां और बहन ने बिशुनपुर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए रीमा के पति मनोज उरांव, ससुर रगड़ू उरांव, और सौतेली सास रहमनिया उरांव पर प्रताड़ित कर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका की बहन प्रतिमा कुमारी ने बताया कि रीमा शांत स्वभाव की थी।

### दुर्घटना में घायल अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**सिसई।** एक व्यक्ति की मौत शनिवार को सदर अस्पताल गुमला में ईलाज के दौरान हो गया। बताया जा रहा है कि सिसई थाना क्षेत्र में इसका एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद किसी व्यक्ति ने इसे सदर अस्पताल गुमला पहुँचा दिया। जहां इसकी मौत हो गई। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अगर किन्हीं को इस व्यक्ति के बारे में जानकारी हो तो सिसई थाना को सूचना दें। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति का शव सदर अस्पताल गुमला के शीत गृह में रखा हुआ है।

### बच्चे राष्ट्र निर्माण के योगदान में अपना सहयोग दें : अखिलेश

**गुमला।** विद्या भारती की योजना के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना और भारतीय समाज में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करना था। इस वर्ग में गुमला, रायडीह और कैम्बा टँगरिया संकुल के 11 विद्यालयों के 176 भैया-बहन और 56 आचार्य-दीदी ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षा, कला और खेल के माध्यम से सहयोग और भारतीय संस्कृति का ज्ञान अर्जित किया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, गणित दौड़, रंगोली, गीत प्रतियोगिता, और 'हमारा लक्ष्य, हमारी वंदना' पर आधारित प्रश्न मंच शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, और विजेताओं को कार्यक्रम के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, और प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने बच्चों को भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। सचिव विजय बहादुर सिंह ने बच्चों को परस्पर सहयोग से इस वर्ग को सफल बनाने की प्रेरणा दी, जबकि प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाने और विद्या भारती के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक हैं। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और आचार्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। सचिव विजय बहादुर सिंह ने सभी आचार्यों को धन्यवाद दिया। आचार्य संजय कुमार के धन्यवाद ज्ञापन और शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एक नजर

### प्रधान जिला जज ने इंश्योरेंस कंपनियों के साथ की बैठक

**गुमला।** 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने इंश्योरेंस कंपनियों के बैठक की। इस बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में न्यायाधीश मिश्र ने इंश्योरेंस कंपनियों से कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन करें ताकि लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में इन मामलों का निपटारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

### एनसीसी का एनुअल ट्रेनिंग कैंप आयोजित

**गुमला।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक कार्तिक उराँव महाविद्यालय, गुमला में एनुअल ट्रेनिंग कैंप (एटीसी) का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा के 591 आर्मी विंग कैडेट भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान कैडेटों को विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण जैसे ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सामाजिक कार्य और आत्मरक्षा की जानकारियां दी जा रही हैं। कैंप के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आर डी शर्मा ने बताया कि इस तरह के कैंप कैडेटों को जीवन में सफलता पाने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना प्रदान करते हैं। कैंप के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को विभिन्न श्रेणियों जैसे फायरिंग, जेडी, जेडब्लू, एसडी, एसडब्लू, टग आफ वार और फुटबॉल में पुरस्कृत किया गया।

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न

# 5 जनवरी को साहसिक यात्रा का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला नगर स्थित दुधेश्वरी धाम सोसो मोड़ के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने की। इसका मुख्य उद्देश्य 1 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले धर्म रक्षा निधि अभियान और 5 जनवरी को गुमला नगर में आयोजित होने वाली बजरंग दल की ऐतिहासिक साहसिक यात्रा की योजना पर चर्चा करना था।

बैठक में जिला मंत्री मनीष ने कहा कि धर्म रक्षा निधि अभियान विहिप का महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम है। इस अभियान के माध्यम से संगठन की योजनाओं और कार्यों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए धन संग्रह किया जाता है। उन्होंने कहा की संगठन के कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार को छोड़कर सालभर समाज सेवा में लगे रहते हैं। ऐसे में इस निधि से संगठन को आर्थिक मजबूती मिलती है और प्रांत स्तरीय योजनाओं को सफल बनाया जाता है।

जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने बताया कि 5 जनवरी को गुमला नगर में बजरंग दल की ऐतिहासिक साहसिक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और उनमें एकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों से इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, शैल सिंह, अमित कुमार, राकेश सिंह, अशोक साहू, मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, शिबू गोप, मनोज साहू, मंटू गुप्ता, राजन कुमार, सुरेंद्र साहू, बसंत प्रसाद, रोहित खंडेलवाल (मीडिया प्रभारी) सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ

# टीबी एक संक्रामक रोग है, लेकिन इलाज संभव है : अलका रानी

नवीन मेल संवाददाता




**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड स्थित शिवनाथपुर पंचायत में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शिवनाथपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर की इंचार्ज स्वास्थ्य पदाधिकारी अलका रानी तिग्गा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एएनएम निर्मला मिंज, सुचिता कुमारी, सहिया दीदी सुचिता किंडो, बंधनी देवी, मंजू देवी और कंचन देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य पदाधिकारी अलका रानी तिग्गा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए टीबी रोग के लक्षण और इसके बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, खखार में खून आना, वजन में कमी, रात में पसीना आना, शरीर के किसी अंग में गांठ बनना या अन्य लक्षण दिखने पर तुरंत सहिया दीदी को सूचित करें। तथा विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच कराने की अपील की गई। स्वास्थ्य पदाधिकारी अलका रानी तिग्गा ने सभी ग्रामीणों से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी एक संक्रामक रोग है, लेकिन इसका इलाज संभव है। टीबी के पूर्ण उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। तभी हम सब इस जंग को जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि सहिया दीदी, एएनएम और स्वास्थ्य टीम के सहयोग से यह सर्वे कार्य अगले 100 दिनों तक चलेगा।

**जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर जोर :** कार्यक्रम में ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि समय पर जांच और इलाज से यह रोग पूरी तरह जड़ से ठीक हो सकता है। टीबी हारेगा, देश जीतेगा इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को युद्ध स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# गुमला में बढ़ी ठंड व शीतलहर का कहर हल्की बारिश से तापमान में गिरावट

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बीते 24 घंटों में जिले के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आई है। मौसम में आए इस बदलाव के कारण शीतलहर चलने लगी है, जिससे जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। सुबह और शाम के समय लोग तेज ठंडी हवाओं का सामना कर रहे हैं, और दिनभर ठंड के कारण घरों और कार्यस्थलों पर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। शहरी इलाकों में अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि ग्रामीण इलाकों में लोग लकड़ियां और पुआल जलाकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। बाजारों में गर्म कपड़ों और हीटर की मांग बढ़ गई है। ठंड के कारण सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों को अधिक परेशानी हो रही है। हालांकि हल्की बारिश और ठंड का यह दौर रबी की फसलों के लिए वरदान साबित हो सकता है, लेकिन अत्यधिक ठंड और शीतलहर से फसलों को नुकसान का खतरा भी बना हुआ है। किसान मौसम की जानकारी के अनुसार खेतों में काम कर रहे हैं और अपने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए इंतजाम कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। प्रमुख चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों और गरीबों के बीच कंबल वितरण का अभियान भी जल्द शुरू किया जाएगा।

### ठंड से ठिठुर रहे चैनपुरवासी, प्रशासन मौन

**चैनपुर।** चैनपुरवासी इन दिनों कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहे हैं, लेकिन प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही है। हाल ही में जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने चौक चौराहा पर लकड़ियों का वितरण किया था, लेकिन वह भी अब समाप्त हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द लकड़ी मुहैया कराएं, ताकि आम जनता को ठंड से राहत मिल सके। इस ठंड में गरीब और जरूरतमंद लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाने से जनता में निराशा बढ़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाएं और ठंड से राहत के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करें। अगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस दिशा में सक्रियता नहीं दिखाते हैं, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# जेवर दुकान में चोरी, शटर काटकर लाखों के गहने ले भागे चोर

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** थाना से महज 200 मीटर दूरी पर स्थित ज्वेलर्स शॉप का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने शनिवार रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब 4 से 5 लाख रुपए के सोने-चांदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी रोष और भय का माहौल है। दुकान मालिक जितेंद्र सोनी को चोरी की सूचना सुबह मकान मालिक ने दी। इस मामले को लेकर दुकान के मालिक जितेंद्र सोनी ने बताया कि रोज की तरह शनिवार को शाम के करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसके बाद रविवार को करीब 10 बजे दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और शटर कटा हुआ है। साथ ही दुकान के सामान बिखरे पड़े हैं। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। इस मौके पर घाघरा थाना प्रभारी ने पहुंचकर जांच शुरू की। गुमला से पुलिस उपाधीक्षक सुरेश प्रसाद यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए हैं। वहीं उन्होंने घटना के विषय में कहा की छानबीन की जा रही है जल्द ही इस कांड में शामिल लोगों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा। व्यापारियों ने मुख्य मार्ग और थाना के पास हुई इस घटना पर चिंता जताई है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस जल्द ही चोरों का सुराग लगाने का दावा कर रही है। बता दें कि जिला में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं और खास कर शहरी क्षेत्र में दुकानों के शटर काटकर ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देकर आसानी से चोर फरार हो जाते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा है कि पुलिस प्रशासन रात्रि में गश्ती तेज करें। वहीं 2 दिन पूर्व गुमला शहर में ही एक अंग्रेजी शराब दुकान के ऊपर का छत का चादरा काटकर लाखों रुपए के शराब व नकद की चोरी कर ली गई थी। जिसका अब तक पुलिस के हाथ कोई भी सुराग नहीं लगा है।

# रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला ब्लॉक परिसर में रविवार को झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की। बैठक में सीआरसी कमेटी को मजबूत करने और प्रखंड व जिला कमेटी में सभी रसोइया संयोजिका और अध्यक्ष को सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजकीय कृत मध्य विद्यालय चरका टांगर की रसोइया के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उसकी बेटी लक्ष्मी कुमारी को आर्थिक सहयोग दिया गया। साथ ही प्रशासन से परिवार की मदद करने का आग्रह किया गया। इस बैठक ने रसोइया संयोजिका संघ की सक्रियता और एकजुटता को मजबूत करने का संदेश दिया, जिससे कि वे अपने अधिकारों और कल्याणकारी उपायों के लिए संघर्षरत रहें। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी एवं विनायकी देवी ने किया। बैठक में मीना देवी, सुशीला मिंज, असारी देवी, लक्ष्मी कुमारी, रूपईन देवी, लाली देवी, इंद्रमुनि देवी, सुम रीता देवी, पूर्णिमा भगत, फिल्पीया लकड़ा, सुशाना किंडो सहित कई रसोइया संयोजिका शामिल थे।

### बीरबल लोहरा बने झारखंड अंडर-14 कबड्डी टीम के कोच



**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पबेया के शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा को झारखंड अंडर-14 कबड्डी टीम का कोच नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षक, एसएमसी सदस्य, और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। बीरबल लोहरा ने जानकारी दी कि 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी अंडर-14 प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 दिसंबर तक महाराष्ट्र के अमरावती में किया जाएगा। झारखंड से इस प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग के 24 बालक और बालिकाएं भाग लेंगे। इन खिलाड़ियों के नेतृत्व की जिम्मेदारी बीरबल लोहरा को सौंपी गई है। रविवार को बीरबल लोहरा झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए महाराष्ट्र रवाना हुए।

### रायडीह में 100 दिन का टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

# टीबी का समय पर इलाज जरूरी : डॉ राजीव कुमार

नवीन मेल संवाददाता



गुमला। जिले के रायडीह प्रखंड में 100 दिन का टीबी उन्मूलन अभियान भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हंसदक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में टीबी जैसी घातक बीमारी को जड़ से खत्म करना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग टीबी रोगियों की पहचान कर, उन्हें निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा देगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी से जुड़े मिथकों को तोड़ना, समय पर रोग की पहचान करना, और रोगियों को सही इलाज के प्रति प्रोत्साहित करना है। इसके लिए गांव-गांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अलका तिर्की ने कार्यक्रम में टीबी रोग के लक्षण और इसके इलाज की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है यदि समय पर जांच और इलाज हो। कार्यक्रम में टीबी चैंपियन निर्मल ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सही समय पर जांच और मानसिक दृढ़ता से उन्होंने टीबी पर विजय प्राप्त की। उनकी प्रेरक कहानी ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सजग किया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि टीबी का समय पर इलाज जरूरी है। यह रोग घातक हो सकता है, लेकिन सही उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकता है। दंत चिकित्सक डॉ. अरुणा कुजूर ने स्वच्छता और संतुलित आहार पर जोर दिया, जो टीबी के जोखिम को कम करता है। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों, सहिया दीदी, और एएनएम के साथ मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं।

संपादकीय

# किसान आंदोलन व राजनीति

दिल्ली को बार बार बाधित करने वाले अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में लगभग यही सब कुछ देखने को मिलता रहा है। आंदोलन का स्वरूप भले अलग हो पर सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी उचित नहीं जान पड़ता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं कितनी बढ़ जाती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस बार भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को प्रशासनिक स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी प्रशासनिक मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास। झारखंड या अनेक राज्यों के किसान इनसे अप्रभावित हैं क्योंकि उनमें इन छोटे किसानों की झलक नहीं दिखती।

**केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में लगभग यही सब कुछ देखने को मिलता रहा है। आंदोलन का स्वरूप भले अलग हो, पर सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना कहीं से उचित नहीं जान पड़ता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं।**

# बॉर्डर फिल्म की कहानी अच्छी और प्रेरक है पर अधूरी है : ले कर्नल (सेनि) कुलविंदर सिंह


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक


1971 के भारत-पाक युद्ध में लोंगेवाला की निर्णायक लड़ाई पर अंग्रेजी में प्रकाशित गन्स ऑफ लोंगेवाल सैन्य इतिहास में रुचि रखने वालों के लिए एक बहुत ही रोचक पुस्तक है। लोंगोवाल युद्ध पर बनी 'बॉर्डर' फिल्म प्रसिद्ध हुई थी। इस फिल्म में भारतीय तोपखाने की भूमिका को नजरअंदाज किया गया। जबकि किसी भी युद्ध को तोपखाने के बैकअप के बिना नहीं लडा जाता है। यह सुनिश्चित करना था कि लोंगेवाला के पोस्ट को पैदल सेना द्वारा तब तक कब्जे में रखा जा सके जब तक कि अगले दिन के उजाले के बाद भारतीय वायु सेना की मदद मिल सके। तोपखाना की 185 लाइट रेजिमेंट इस युद्ध की पहली रात को लोंगेवाला में स्थिति संभालने के लिए रेगिस्तान के घने अंधेरे में रात भर तेज गति से गाड़ी चलाते हुए इस क्षेत्र में पहुंची थी ।पर आश्चर्यजनक है कि तोपखाने की इस भूमिका को फिल्म में पूरी तरह से अनदेखा कर दिया गया। यह पुस्तक असलियत को सामने रखकर रिकॉर्ड को सही करती है और इसमें घटनास्थल पर मौजूद एक सैन्य अधिकारी द्वारा अनुभूत युद्ध का जीवंत और असली विवरण है। लेखक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) कुलविंदर सिंह ने अपने वर्तमान निवास स्थान कनाडा से बताया कि 'लोंगेवला की लड़ाई' मशहूर बॉलीवुड फिल्म 'बॉर्डर' में दिखाए गए फिल्मी चित्रण से अलग है। युद्ध के दिग्गज लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) कुलविंदर सिंह, जो 'गन्स ऑफ लोंगेवाला' पुस्तक के लेखक हैं, ने युद्ध के महत्वपूर्ण पहलुओं और ऐतिहासिक जीत में आर्टिलरी और इन्फैंट्री द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। युद्ध के अनुभव साझा करते हुए ऊंहोने आगे कहा कि यह एक प्रकार से खुफिया तंत्र की विफलता थी क्योंकि दुश्मन हमारी सीमा के पार बैठा था और हमारे पास उसका कोई सुराग नहीं था।

## साक्षात्कार के कुछ अंश -

**प्रश्न : ऐतिहासिक 1971 लोंगेवाला युद्ध के नायक होने के नाते, अब जब आप पीछे मुड़कर देखते हैं, तो आपके दिमाग में क्या आता है?**

**उत्तर :** मेरे दिमाग में यही बात आती है कि भारतीय सेना बहुत मजबूत है और हमारी सेनाओं के बीच बेहतरीन समन्वय है। हम किसी धर्म को नहीं मानते। हमारे लिए राष्ट्र हमेशा सबसे पहले है। सभी युद्धों में हमारी सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण सभी सेनाओं के बीच आपसी सहयोग है।






**प्रश्न : इस तथ्य के बावजूद कि पाकिस्तानी सेना संख्यात्मक रूप से हमसे अधिक मजबूत थी, हमने तीन दिनों में युद्ध जीत लिया। इतिहास को 1971 के युद्ध और आर्टिलरी तथा 185 लाइट रेजिमेंट की भूमिका को किस तरह याद रखना चाहिए?**

**उत्तर :** पाकिस्तान बहुत बड़ी योजना के साथ आया था, लेकिन उसमें बहुत सारी खामियाँ थीं। सबसे पहले, टैंक और वाहन आदि सहित बख्तरबंद ब्रिगेड तब तक आगे नहीं बढ़ती जब तक कि उनके पास हवाई सुरक्षा कवर न हो। इसलिए, उन्होंने जो बड़ी गलती की, वह यह थी कि वे अति आत्मविश्वास में थे। आवश्यक हवाई सुरक्षा कवर से पहले, उन्होंने सोचा कि वे हमारी चौकियों को पार कर जैसलमेर तक पहुंच जाएंगे। लेकिन, दुर्भाग्य से उनके टैंक और वाहन हमारी वायु सेना द्वारा मारे गए और फिर वे रात में एक कांटेदार तार से टकरा गए, यह सोचकर कि यह एक बारूदी सुरंग है। लेकिन इस बीच, हमने उन्हें जवाब देने में बहुत तेजी दिखाई। और, मुझे भागते हुए वहां पहुंचने का आदेश मिला जबकि हम समय के खिलाफ दौड़ रहे थे। और फिर मैंने अपनी बैटरी(टैंक) ली और अपरंपरागत तरीके से तैनात किया। और इससे पहले कि दुश्मन को पता चले, हम उन पर बमबारी कर रहे थे। इससे वे आश्चर्यचकित हो गए क्योंकि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि तोपखाने की रेजिमेंट उस क्षेत्र में थी। इसलिए, भारतीय वायु सेना के आने से पहले हम उन पर भारी बमबारी कर रहे थे। फिर वायु सेना आई और उन पर हमला करना शुरू कर दिया और जब वे ईंधन भरने के लिए वापस लौटे, तो हमने (आर्टिलरी रेजिमेंट) पर कब्जा कर लिया और हम उन पर हमला कर रहे थे। तो आर्टिलरी रेजिमेंट लगातार वहां थी, दुश्मन पर हमला कर रही थी और युद्ध पर हावी हो रही थी।

**प्रश्न : 1971 के लोंगेवाला युद्ध की बात करते समय तोपखाने और पैदल सेना रेजिमेंट की भूमिका की बात क्यों नहीं की जाती?**

**उत्तर :** ऐसा इसलिए क्योंकि वहां 12 पैदल सेना डिवीजन थे और मैं इसका हिस्सा था और उनकी भूमिका आक्रामक होने की थी। हम रहीमयार खान की ओर आक्रामक हो रहे थे और तनोट (तनोट मंदिर के पास) पर बैठे थे। इसलिए हम आगे बढ़ रहे थे और हमें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि पाकिस्तान हमला करने वाला है । मैं कहूंगा कि यह एक खुफियातंत्र की विफलता थी क्योंकि दुश्मन हमारी सीमा पर बैठा था और हमें कोई सुराग नहीं था। इसके बाद, जब दुश्मन आया, तो हमने तुरंत प्रतिक्रिया की। हमने नियंत्रण पाया और उन्हें हरा दिया। जब अंततः बॉर्डर फिल्म सिनेमाघरों में आई तो हर कोई इस युद्ध के बारे में बात करने लगा। फिल्म में कई चीजें छूट गईं क्योंकि वे हमारी पैदल सेना के खिलाफ भारी बाधाओं को दिखाना चाहते थे क्योंकि अंत में यह सिर्फ एक फिल्म है जो सिर्फ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में सोचती है। लेकिन मैं जेपी दत्ता की भी सराहना करना चाहूंगा जो फिल्म के निर्देशक थे जिन्होंने कई महत्वपूर्ण चीजों को मिस करने के बावजूद शानदार काम किया। लेकिन जहां तक देश और भारतीय सेना का सवाल है, हमें तथ्यों को जानना चाहिए।

**प्रश्न 4. ऐसे समय में जब भू-राजनीतिक बदलाव हो रहे हैं और युद्ध की पूरी रणनीति भी विकसित हो रही है, आप भारत को कहां देखते हैं?**

**उत्तर :** भारत इस समय बहुत मजबूत स्थिति में है। हमारी सेना आधुनिक उपकरणों से लैस है और हमारी वायुसेना भी नई तकनीक वाले नए विमान प्राप्त करके बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारतीय सेना का मनोबल बहुत ऊंचा है। कुछ दिन पहले मैंने पूर्व नौसेना प्रमुख से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि भारतीय नौसेना किस तरह बदल रही है और मजबूत हो रही है। व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि पाकिस्तान में हमला करने की हिम्मत नहीं है। वे यहां-वहां छोटे-मोटे खेल खेल सकते हैं, लेकिन वे पूर्ण युद्ध नहीं कर सकते।

**प्रश्नः आप भारत-पाकिस्तान संबंधों को किस रूप में देखते हैं?**

**उत्तर :** भारत-पाकिस्तान के रिश्ते नफरत पर आधारित हैं। नई पीढ़ी जो अब उभर रही है, उसे लगता है कि बंटवारा गलत था। मैं भी युवाओं से मिलता हूं और पाता हूं कि वे भी यही सोचते हैं। अगर हम साथ होते तो हम और मजबूत होते। इसलिए समय की मांग है कि धर्म को भूलकर पहले देश के बारे में सोचा जाए।

**प्रश्नः अग्निपथ योजना पर आपके क्या विचार हैं?**

**उत्तर :** कुछ अच्छी बातें हैं और कुछ कमजोरियां भी। अच्छी बात यह है कि ट्रेनिंग के बाद कुछ लोग रह जाते हैं और कुछ बाहर हो जाते हैं, लेकिन आखिरकार जो लोग बाहर निकलते हैं, वे भी अच्छी तरह प्रशिक्षित और अनुशासित होते हैं। सिर्फ. सरकारी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र में भी ऐसे अनुशासित लोग बहुत काम आते हैं और वे ऐसे लोगों को काम पर रखते हैं। वहीं, जो लोग काम पर नहीं आते, वे निराश हो सकते हैं और उनके पास पर्याप्त पैसे नहीं हो सकते।

देश की बात

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत


डॉ. आर.के. सिन्हा

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है। झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है, जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


बोधि वृक्ष

प्रत्येक पिता और प्रत्येक माता ईश्वर के पितृत्व ज्ञान और मातृवत कोमलता दोनों की सम्भावित क्षमताओं से संपन्न हैं। उन्हें इन संपन्नताओं को परिपूर्ण बनाना है।... दिव्य पुरुष पितृवत और मातृवत दोनों गुणों का स्वयं में विकास करता है।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना


श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर अनन्त ज्ञान तथा अनन्त भावना, दोनों ही हैं। जब उन्होंने स्वयं को सृष्टि में प्रकट किया तो, ईश्वर ने अपने ज्ञान को पिता का रूप दिया; और अपनी भावना को माता का रूप दिया।... प्रत्येक पिता और प्रत्येक माता ईश्वर के पितृत्व ज्ञान और मातृवत कोमलता दोनों की सम्भावित क्षमताओं से सम्पन्न हैं। उन्हें इन सम्पन्नताओं को परिपूर्ण बनाना है।... दिव्य पुरुष पितृवत और मातृवत दोनों गुणों का स्वयं में विकास करता है। पुरुष तर्क देता है कि स्त्री भावुक होती है और तर्क बुद्धि से नहीं सोच सकती; और स्त्री शिकायत करती है कि पुरुष में भावुकता नहीं होती है। दोनों ही गलत हैं। स्त्री तर्क कर सकती है, परन्तु उसके स्वभाव में भावुकता प्रधान होती है; पुरुष भावनात्मक हो सकता है, परन्तु उसमें तर्क शक्ति की प्रधानता होती है। ईश्वर ने पुरुष और स्त्री में कुछ विशिष्टता रखने के लिए ही ये शारीरिक और मानसिक अन्तर उत्पन्न किए हैं। उनमें आदर्श आध्यात्मिक मिलन का अर्थ यह था कि पुरुष में छिपी हुई भावना को बाहर लाया जाए और स्त्री में छिपे तर्क का विकास किया जाए। परिपूर्ण तर्क और भावना के पवित्र दिव्य गुणों का विकास करने में एक दूसरे का सहयोग करना ही उनका अभिप्राय था। प्रत्येक स्त्री एवं पुरुष को मैत्री और समझ के द्वारा एक दूसरे से शिक्षा लेते हुए सन्तुलन की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

दिव्य तपस्या से जिन्हें था त्रिकाल का ज्ञान।
उन महर्षियों का दिया है खगोल विज्ञान ।।
डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, देहरादून

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब


डॉ. सत्यवान सौरभ

हाल ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को



अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सीएम योगी ने महाकुंभ क्षेत्र में की 25 हजार बेड के सार्वजनिक आश्रय स्थल की शुरुआत

**एजेंसी । प्रयागराज**

महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेला क्षेत्र में 250 बेड की क्षमता वाले 100 सार्वजनिक आश्रय स्थलों का उद्घाटन किया। साथ ही महाकुंभ मेला क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र की भी शुरूआत की गई। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन के दौरान तीर्थयात्रियों और आगंतुकों की भारी संख्या को देखते हुए सार्वजनिक आश्रय स्थलों की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। परंपरागत रूप से तीर्थयात्री और साधु-संत खुले स्थानों या परिसंचरण क्षेत्रों में समय बिताते हैं, जिससे सर्द मौसम में उनके लिए कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सरकार ने 25 हजार बेड की कुल क्षमता वाले सार्वजनिक आश्रय स्थलों की व्यवस्था की है। इन आश्रय स्थलों का उद्देश्य तीर्थयात्रियों को न केवल आरामदायक और सुरक्षित ठहराव प्रदान करना है, बल्कि उनकी यात्रा को सुलभ और सुविधाजनक बनाना भी है।



## सामान्य दिनों में बेड सौ रुपये में मिलेंगे

प्रत्येक आश्रय स्थल पर 250 बेड की क्षमता होगी। बेड के साथ गद्दे, तकिए और साफ चादर उपलब्ध कराई जाएगी। पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था की गई है। इन आश्रय स्थलों में नियमित सफाई की जाएगी जिसमें चादर बदलना भी शामिल है। इसके अलावा, स्वच्छ पेयजल और चौबीस घंटे सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। इन सुविधाओं का उपयोग श्रद्धालु नाममात्र के शुल्क पर कर सकेंगे, जिससे महाकुंभ में सभी वर्गों के लोगों को ठहरने का विकल्प मिलेगा। सार्वजनिक आश्रय स्थलों के उपयोग के लिए शुल्क की व्यवस्था सरल और सुलभ रखी गई है। सामान्य दिनों में, श्रद्धालुओं को एक दिन के लिए 100 रुपये और दो दिन रुकने पर 300 रुपये का भुगतान करना होगा। मुख्य स्नान पर्व और उसके आसपास के दिनों में शुल्क दो गुना हो जाएगा। श्रद्धालु नकद या डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें टिकट जारी किया जाएगा।

# शंभू बार्डर से किसानों का दिल्ली कूच, पुलिस ने रोका, 1 दर्जन घायल

**एजेंसी । अंबाला**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने रविवार की दोपहर दिल्ली कूच का प्रयास किया। पुलिस व किसानों के बीच करीब चार घंटे तक जद्दोजहद चलती रही। इस बीच पुलिस द्वारा एयर गन से किसानों की तरफ फूल बरसाए गए। किसानों ने दावा किया कि पुलिस ने चकमा देने के लिए यह सब किया और कुछ ही पलों में फूल बरसाने वाली गन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए। कई घंटे के बाद किसानों ने कूच को टाल दिया और वापस लौट गए। शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने आज दूसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया। किसान जैसे ही आगे बढ? लगे तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड? की कोशिश की।

इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। इस गफलत के बीच किसानों पर आंसू गैस के गोले बरसने शुरू हो गए। किसानों में भगदड़ मच गई। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रैफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पंधेर ने कहा कि फूल बरसाकर गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस ने रबड़ की गोलियां चलाईं। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अगले कूच का फैसला कल किया जाएगा।

### हरियाणा पुलिस ने फूल बरसाने के बाद दागे आंसू गैस के गोले | आठ किसान घायल, एक की हालत गंभीर, पीजीआई रेफर



## मीडियाकर्मी अपनी सुरक्षा का रखें खास ख्याल

किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के दौरान किसी मीडियाकर्मी को चोट न आ जाए। इसके लिए पुलिस की तरफ से सभी मीडियाकर्मियों को एकत्रित करके विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा, मैं सभी मीडियाकर्मियों से यही कहना चाहूंगा कि आप लोग कवरेज कीजिए। आपको कवरेज करने से कोई नहीं रोकेगा। लेकिन, अपनी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी मीडियाकर्मी को चोट न आए।

## पिकनिक पर जा रही स्कूली बस दुर्घटनाग्रस्त तीन बच्चों की मौत

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद में रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि करीब 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। घटना राजसमंद जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देसूरी की नाल की है। स्थानीय स्कूल के बच्चों को लेकर पिकनिक पर निकली बस यहां पर चारभुजा मंदिर से दर्शन करके परशुराम महादेव जा रही थी। तभी बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई, जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं, करीब 25 से अधिक घायल हो गए। मृतक बच्चों के परिवार के सदस्य सदमे में हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बस में करीब 65 बच्चे सवार थे। हादसे में विद्यालय के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को भी चोटें आई हैं।

# अब शरद पवार को अपनी हार स्वीकार कर लेनी चाहिए : चंद्रशेखर बावनकुले

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को शरद पवार द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाये जाने पर पलटवार करते हुए कहा कि अब उन्हें हार स्वीकार कर लेनी चाहिए। चंद्रशेखर बावनकुले ने शरद पवार की ओर इशारा करते हुए कहा, वह एक उम्रदराज नेता हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। लेकिन, उनके द्वारा इस तरह से सवाल उठाया जाना उचित नहीं है। अब जब उन्होंने इस तरह के गंभीर सवाल उठाए हैं, तो निश्चित तौर पर हमें भी उनसे सवाल करने का पूरा अधिकार है। भाजपा नेता ने दावा किया कि आने वाले स्थानीय चुनावों में अपनी साख बचाने के



लिए इस तरह के बयान देकर वह जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख इस बात को भलीभांति जानते हैं कि जिस तरह से उन्हें हाल के चुनावों में प्रदेश की जनता ने नकारा है, उसे देखते हुए उन्हें आने वाले चुनावों में भी इसी तरह खारिज किया जाएगा। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि निकाय चुनावों में महा विकास अघाड़ी उम्मीदवारों की जमानत भी नहीं बचेगी।

**वक्फ बोर्ड रहा मनमानी :** लातूर में वक्फ बोर्ड द्वारा किसानों की जमीन पर दावा ठोके जाने पर भाजपा नेता ने कहा, वक्फ बोर्ड बदमाशी कर रहा है। कहीं हिंदू देवता की जगह, तो कहीं ट्रस्ट की जगह, तो कहीं किसानों की जमीन पर अतिक्रमण कर उसे अपना बता रहा है। इसका फिर से डिजिटलाइजेशन होना चाहिए। बावनकुले ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को पत्र लिखकर मांग की है कि जिन-जिन जमीनों पर वक्फ बोर्ड द्वारा दावा किया जा रहा है, उसे वापस लौटाया जाए।

# मध्य प्रदेश : बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर खाते से उड़ाए 46 लाख, दो गिरफ्तार

**एजेंसी । इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर में 65 साल की एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 46 लाख रुपये ट्रांसफर कर लेने के मामले में क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के कन्नौज से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गत 11 सितंबर को 65 साल की एक महिला के पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का अधिकारी है। उसने कहा कि महिला का फोन नंबर अवैध एडवर्टीजमेंट के लिए इस्तेमाल किया गया है। ठगों ने महिला को चार-पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और बैंक खातों की जांच के बहाने लगभग 46 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि 40 लाख रुपये उत्तर प्रदेश के कन्नौज में एक मदरसे के प्रबंधक के खाते में भेजे गए थे। वहां टीम भेजकर प्रबंधक असद अहमद खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस चालू खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया था वह इसी उद्देश्य से 15-20 दिन पहले खोला गया था। किसी ने मदरसा प्रबंधक को हिस्सा देने का लालच देकर खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित किया था। दूसरे मामलों को मिलाकर उस खाते में करीब 1.5 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन मिला है। पुलिस मदरसे के नाम पर मौजूद सभी नौ बैंक खातों को फ्रीज कर उनकी जांच करेगी। डीसीपी (क्राइम) ने बताया कि मुख्य आरोपी असद अहमद खान (36) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथ उसके पिता अली अहमद खान (69) को भी गिरफ्तार किया गया है क्योंकि बैंक खाता खोलने में उसी के दस्तावेज का इस्तेमाल हुआ था। साथ ही हाल में खोले गए चालू खाते का एटीएम भी उसके पास से मिला था। पुलिस ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों की पुलिस रिमांड मिल गई है। उनके जरिए बुजुर्ग महिला को फोन करने वाले ब्लैकमेलर तक पहुंचने का कोशिश की जा रही है।

## नार्वेकर ने विस अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

# किसानों की 300 एकड़ जमीन पर वक्फ बोर्ड ने किया दावा

**एजेंसी । लातूर**

### औरंगाबाद कोर्ट में डाली याचिका

महाराष्ट्र के लातूर में किसानों की 300 एकड़ जमीन को वक्फ बोर्ड ने अपना बताया है। इसको लेकर औरंगाबाद के कोर्ट में याचिका भी डाली गई है, जिस पर 20 दिसंबर को सुनवाई होगी। वक्फ बोर्ड के इस दावे के बाद तलेगांव के किसानों में डर का माहौल है। उन्होंने सरकार से हस्तक्षेप करने को कहा है। दरअसल, संभाजीनगर के वक्फ बोर्ड ने अहमदपुर में 103 किसानों की 300 एकड़ पुश्तैनी जमीन पर दावा ठोंका है। किसानों को नोटिस भेजकर अपनी बात रखने को बोला गया है। इस मामले को लेकर 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' के नेता मोहम्मद इस्माइल ने कहा, किसान अगर जमीन पर अपना दावा करते हैं तो कागज दिखाएं। लेकिन अगर यह वक्फ की जमीन है तो उनके पास यह अधिकार है कि अपनी जमीन वापस लेने के लिए वो नोटिस दे। इसमें कोई बुरी बात नहीं है।

# सुभाष घई की हालत गंभीर लीलावती अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी । मुंबई**



फेमस फिल्ममेकर और डायरेक्टर सुभाष घई की तबीयत अचानक खराब होने के बाद शनिवार शाम उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में एडमिट कराया गया। जानकारी के मुताबिक, 79 वर्षीय फिल्म निमार्ता को शनिवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उनका फिलहाल आईसीयू में उपचार चल रहा है। सुभाष घई का जन्म 24 जनवरी 1945 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था। वह बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक शानदार निर्देशक के तौर पर स्थापित कर दिया। राज कपूर के बाद उन्हें इंडस्ट्री का दूसरा 'शो मैन' कहा जाता है। सुभाष घई हिंदी सिनेमा के जाने-माने निमार्ता और निर्देशक हैं। साल 2006 में उन्हें सामाजिक फिल्म 'इकबाल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। सुभाष घई बॉलीवुड के पहले निमार्ता हैं, जिन्होंने अपनी फिल्म ताल के जरिए फिल्म बीमा पॉलिसी शुरू की। फिल्मों को बैंकों से वित्तपोषित करने की अवधारणा शुरू करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। एक्टर के रूप में उनकी पहली फिल्म तकदीर थी जो 1967 में आई। इसके बाद उन्होंने आराधना (1970) में काम किया। उसी साल आई उमंग में वह लीड रोल में थे। साल 1973 में उन्होंने फिल्मों की कहानी लिखनी शुरू की और प्रकाश मेहरा और दुलाल गुहा जैसे निर्देशकों के लिए पटकथा लिखी। उन्होंने राम लखन, खलनायक, हीरो और कर्ज जैसी कई हिट फिल्में दीं। उन्होंने 1976 में कालीचरण के साथ करियर की शुरूआत की। इसके बाद 1978 में उन्होंने विश्वनाथ बनाई। दो साल बाद 1980 में कर्ज आई जो उनके मुक्ता आर्ट्स के बैनर तले पहली फिल्म थी। उन्होंने हिंदी सिनेमा में कई प्रयोग किए।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

### हिंदुत्व को बीमारी टिप्पणी

# सबसे बड़ी मुफ्ती परिवार : अजय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने 'हिंदुत्व' का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इल्तिजा मुफ्ती ने हिंदुत्व को एक 'बीमारी' बताया, जिसके बाद भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक भड़क गए। उन्होंने रविवार को मुफ्ती परिवार पर प्रहार किया। कहा कि सबसे बड़ी बीमारी तो खुद मुफ्ती परिवार है, जो जम्मू-कश्मीर और पूरे देश के लिए बीमारी है। अगर हिंदुत्व इनको बीमारी लगती है, तो हिंदुत्व से दूर रहना चाहिए और टिप्पणी करने से बचना चाहिए। लेकिन, बीमारी ने इन्हें जकड़ लिया तो ये नहीं बच पाएंगे। दरअसल, इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें एक धर्म के नाम पर कुछ नाबालिग लड़के बच्चों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। इल्तिजा मुफ्ती ने एक्स पर लिखा, ''भगवान राम को अपना सिर शर्म से झुका लेना चाहिए और असहाय होकर देखना चाहिए क्योंकि नाबालिग मुस्लिम लड़कों को केवल इसलिए चप्पलों से पीटा जाता है, क्योंकि वे उनका नाम जपने से इनकार करते हैं। हिंदुत्व एक ऐसी बीमारी है, जिसने लाखों भारतीयों को प्रभावित किया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है।



## राजस्थान-हरियाणा के दौरे पर पीएम मोदी, पानीपत में 'बीमा सखी योजना' का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर की सुबह जयपुर में होंगे। यहां वो जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे हरियाणा में 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे। राजस्थान के बाद पीएम मोदी हरियाणा के पानीपत जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे एलआईसी की 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।



# दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश सिरमौर राज्य

**एजेंसी । लखनऊ**

बेसिक एनिमल हसबेंडरी स्टैटिक्स 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध का कुल उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। इसमें उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक, करीब 16 फीसद का है। इसके बाद क्रम से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब का नंबर आता है। इस तरह दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार है। इसकी एक बड़ी वजह इस सेक्टर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और अपने पहले कार्यकाल से ही पशुपालकों के हित में उठाए गए कदम हैं। सरकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको नंद बाबा और गोकुल पुरस्कार से सम्मानित करती है। पिछले दिनों नस्ल सुधार के जरिए उत्पादन बढ़ाने के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने प्रदेश सरकार से सहयोग की इच्छा जताई थी। सरकार नस्ल सुधारने के लिए सेक्स शॉर्टेज तकनीक (इसमें सिर्फ बछिया होने की संभावना 90 फीसद से अधिक होती है) का प्रयोग कर रही है। गोरखपुर में खुलने वाले राजकीय पशु चिकित्सा महाविद्यालय भी नस्ल सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में वृद्धि :** दूध का उत्पादन और प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता बढ़ने से लोगों की सेहत सुधरेगी। यह लगातार बढ़ भी रही है। 2021 में प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता 321 ग्राम थी। 2024 में यह बढ़कर 471 ग्राम हो गई। दूध के उत्पादन की सालाना वृद्धि दर 3.78% है। स्वाभाविक है कि इसमें सर्वाधिक उत्पादन के नाते उत्तर प्रदेश का योगदान भी सर्वाधिक है।

## सहकारिता से समृद्धि की ओर

सहकारिता से समृद्धि सरकार का नारा है। डेयरी सेक्टर में सहकारिता से चमत्कार संभव है। दुनिया का सबसे मजबूत ब्रांड अमूल इसकी मिसाल है। इस पर सरकार का खासा फोकस है। हाल ही में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रादेशिक कॉआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) का प्रस्तुतिकरण हुआ था। इसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि दुग्ध संघों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए कार्य के टारगेट तय किए जाएं। दुग्ध संग्रह क्षमता बढ़ाते हुए दूध की गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को बेहतर करने के लिए समिति से जुड़े कर्मियों का उचित प्रशिक्षण कराने, उन्हें दूध की गुणवत्ता जांचने वाले जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने और समितियां एक-दूसरे से स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा करें, इसके लिए पशुपालकों से संवाद बढ़ाने का कार्य हो रहा है। सरकार के इन कदमों से डेयरी संघों की दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी। अधिकांश पशुपालक कम जोत वाले या भूमिहीन किसान हैं। इनके द्वारा पाले जाने वाले दुधारू पशु इनके लिए एटीएम सरीखे हैं। आने वाले समय में दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का भी मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है।






# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 10 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**एजेंसी । एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बॉर्डर गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराकर श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया है। भारत ने दूसरी पारी में 175 रनों पर आउट होकर कंगारूओं को जीत के लिए केवल 19 रनों का टारगेट दिया था जिसको मेजबान टीम ने बगैर विकेट खोए हासिल कर लिया। भारत ने इस डे-नाइट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना लिए थे। तीसरे दिन भारत की शुरूआत खराब रही और 7 रन बनाकर खेल रहे रविचंद्रन अश्विन को कप्तान पैट कमिंस ने एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद भारत को अगला झटका हर्षित राणा के तौर पर लगा जिनको कमिंस ने ख्वाजा के हाथों कैच आउट कराया। हर्षित ने 12 गेंदों का सामना किया और वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद नीतीश रेड्डी, जो दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट लगाकर खेल रहे थे, उनका विकेट भी गिर गया। पैट कमिंस ने नाथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराकर उनकी 42 रनों की आक्रामक पारी का अंत किया। नए खिलाड़ी नीतीश रेड्डी ने अपनी पारी में 47 गेंद पर छह चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद आस्ट्रेलिया ने मोहम्मद सिराज को 7 रनों के स्कोर पर आउट कर भारत की पारी को 175 रनों पर समेट दिया। मोहम्मद सिराज ने आठ गेंदों का सामना किया और सात रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी में कप्तान कमिंस ने 14 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड ने 8.5 ओवर में 51 रन देकर 3 विकेट लिए और पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले मिशेल स्टार्क को 14 ओवर में 60 रन देकर 2 विकेट हासिल हुए। इस तरह से भारत की दूसरी पारी 36.5 ओवर में 175 रनों पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए मैच 19 रनों का लक्ष्य मिला था। इस टारगेट को कंगारूओं ने बिना किसी विकेट के केवल 3.2 ओवर में हासिल कर लिया। नाथन मैकस्वीनी ने 12 गेंदों पर नाबाद 10 और उस्मान ख्वाजा ने 8 गेंद पर 9 रनों का योगदान दिया।

## एडिलेड टेस्ट के बाद डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में भारत तीसरे स्थान पर खिसका

**ऑस्ट्रेलिया टॉप पर पहुंचा**

ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को दस विकेट से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया है। इस जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया 2023-2025 आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की रैंकिंग में फिर से पहले स्थान पर पहुंच गया है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम का पॉइंट प्रतिशत अब 60.71 हो गया है, जिससे उन्होंने भारत और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में यह उनकी नौवीं जीत है। दूसरी ओर, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इस करारी हार के बाद तीसरे स्थान पर जाना पड़ा है। भारत का पॉइंट प्रतिशत 61.11 से गिरकर अब 57.29 हो गया है। भारत को अब ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में बचे हुए तीन टेस्ट मैच जीतने होंगे, ताकि अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे लगातार टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने का मौका मिल सके। दक्षिण अफ्रीका का पॉइंट प्रतिशत 59.26 है और वह श्रीलंका के खिलाफ चल रहे घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है। अगर वे यह मैच जीतते हैं, तो रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच सकते हैं।

## एडिलेड में हुई तीखी बहस के बाद हेड और सिराज ने स्थिति साफ की

**थोड़ी सी गलतफहमी, अब हम आगे बढ़ गए हैं**

**एडिलेड।** ट्रैविस हेड और मोहम्मद सिराज ने शनिवार को दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मैदान पर हुई तीखी बहस के बाद स्थिति साफ कर दी है। सिराज ने बाएं हाथ के बल्लेबाज को 140 रन पर आउट कर दिया था। 82वें ओवर की चौथी गेंद पर, सिराज ने एक शानदार इन-स्विंगिंग यॉर्कर से हेड को बोल्ड किया और उन्हें जोरदार विदाई दी तथा आक्रामक तरीके से स्टैंड की ओर वापस जाने का इशारा किया। इस पर हेड ने तेज गेंदबाज को जवाब दिया और फिर अपने घरेलू दर्शकों के खड़े होकर तालियां बजाने के बाद मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद, जब भी सिराज डीप में फील्डिंग कर रहे थे या गेंदबाजी करने आए, तो एडिलेड के दर्शकों ने लगातार हूटिंग की, ताकि हेड के साथ उनके व्यवहार पर अपनी नाराजगी व्यक्त की जा सके। लेकिन, रविवार को टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान जब सिराज बल्लेबाजी करने आए तो दोनों को दोस्ताना बातचीत करते हुए देखा गया, जिससे मामला सुलझ गया। हेड ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में खुलासा किया, जैसा कि एबीसी न्यूज ने उद्धृत किया, इससे हम खुश हैं। वह बाहर आए और बस इतना कहा कि (यह) थोड़ी सी गलतफहमी थी... मुझे लगता है कि हम आगे बढ़ेंगे। हमने एक शानदार सप्ताह बिताया है, इसलिए इसे बर्बाद नहीं करने देंगे। यह ठीक था। उन्होंने कहा, 'तुमने कसम क्यों खाई?' मैंने कहा, 'देखो, मैंने पहले तो नहीं खाई... (लेकिन) मैंने निश्चित रूप से दूसरी बार कसम खाई'।

## नाइट, डॉटिंग को 50 लाख रुपये का रिजर्व प्राइस मिला

# डब्ल्यूपीएल : 120 खिलाड़ी नीलामी के लिए हैं तैयार

**एजेंसी । मुंबई**



इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट, दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली और वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन 50 लाख रुपये के रिजर्व प्राइस के साथ शीर्ष ब्रैकेट में होंगी, जबकि 2025 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में 91 भारतीय और 29 विदेशी क्रिकेटरों सहित 120 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें से 3 एसोसिएट नेशंस की हैं। भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा, शुभा सतीश, पूनम यादव, इंग्लैंड की लॉरेन बेल, दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, इंग्लैंड की मैया बाउचियर और ऑस्ट्रेलिया की किम गर्थ उन 28 कैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनका रिजर्व मूल्य 30 लाख रुपये है। यह नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। शनिवार को घोषित डब्ल्यूपीएल 2025 प्लेयर ऑक्शन लिस्ट के अनुसार, 19 स्लॉट के लिए 120 खिलाड़ी मैदान में होंगी, जिनमें से पांच स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। इस सूची में नौ कैप्ड भारतीय खिलाड़ी और 21 कैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं, यह जानकारी बीसीसीआई अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के चेयरपर्सन रोजर बिन्नी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में दी। इसके अलावा 82 अनकैप्ड भारतीय और आठ अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे। पांचों फ्रेंचाइजी के पास 2025 सीजन के लिए अपनी टीम बनाने के लिए 15 करोड़ रुपये का बजट है, जो पिछली नीलामी में 13.5 करोड़ रुपये से अधिक है। खिलाड़ी की नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी, पांच टीमों के टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण फरवरी 2025 के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। गुजरात जायंट्स, जो पहले दो सीजन में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी, के पास 4.4 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा नीलामी पर्स है।

**विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024**

# गुकेश ने सफेद मोहरों के साथ डिंग को हराया, 6-5 की ली बढ़त

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय ग्रैंड मास्टर के डी गुकेश ने सिंगापुर में रविवार को चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 11 वें दौर के बाद गुकेश ने 1 अंक की बढ़त ले ली है, उनके 6 अंक हो गये हैं, जबकि लिरेन के 5 अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले साढ़े सात अंक बनाएगा वो चैंपियनशिप जीतेगा। सफेद मोहरों के साथ जीत दर्ज कर चैंपियनशिप फाइनल में पहली बार गुकेश ने बढ़त बना लिया। भारतीय ग्रैंड मास्टर को सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने के लिए शेष तीन राउंड ड्रा करने की जरूरत है। चैंपियन डिंग ने अपने 28वें चाल में गलती की और गुकेश की जीत पक्की हो गई। उन्होंने अपनी रानी को सी8 में खींच लिया और प्रभावी रूप से खेल को अपने प्रतिद्वंद्वी के नाम कर दिया। 11 वें राउंड की शुरुआत दोनों ने एक रेटी ओपनिंग सिस्टम खेलने के साथ शुरू किया। गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के गेम 11 में अपने 11 वें कदम पर एक घंटा बिताया। एक समय गुकेश नो सिर्फ आठ चालों के बाद एक घंटे और सात मिनट के समय का लाभ उठाया था। इसका कारण यह है कि डिंग लिरेन ने सिर्फ पांच चालों पर अपना पहला घंटे इस्तेमाल किया।

## गेंदबाजी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है : हरमनप्रीत

**एजेंसी । ब्रिस्बेन**



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 122 रनों से करारी हार झेलने और सीरीज गंवाने के बाद, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपनी गेंदबाजी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है। एलन बॉर्डर फील्ड पर धूप खिली हुई थी, लेकिन भारत की गेंदबाजी योजनाएं पूरी तरह से बेकार साबित हुईं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया। यह महिला वनडे में भारत द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है, जो 338/7 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ता है, जो ऑस्ट्रेलिया ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बनाया था। साइमा ठाकोर के 3-62 को छोड़कर, यह भारत के लिए गेंद के साथ एक पूरी तरह से भूलने वाला दिन था।

## स्टोक्स ने न्यूजीलैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत के लिए इंग्लैंड के 'प्रभावशाली क्रिकेट' को श्रेय दिया

**एजेंसी । वेलिंगटन**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रविवार को बेसिन रिजर्व में दूसरे टेस्ट में 323 रनों की शानदार जीत के साथ 2008 के बाद न्यूजीलैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल करने का श्रेय अपनी प्रभावशाली क्रिकेट शैली को दिया है। हैमिल्टन में अंतिम टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड पर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। टॉम ब्लंडेल के शानदार शतक (102 गेंदों पर 115 रन) के बावजूद, इंग्लैंड के गेंदबाजों ने तीसरे दिन घरेलू टीम पर पूरी तरह से हावी होकर शुरुआत की, क्योंकि ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स ने उनके शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिससे डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन और रचिन रवींद्र एकल अंकों के स्कोर पर डगआउट लौट गए। ब्लंडेल और नाथन स्मिथ ने सातवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी की, लेकिन इंग्लैंड की गेंदबाजी बहुत मजबूत साबित हुई और कीवी टीम 259 रनों पर ढेर हो गई। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने शानदार 3-5 के साथ पारी की शुरुआत की, जिसमें क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट चटकाए, जिससे टीम ने जीत दर्ज की और सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने तीसरे दिन 378/5 के स्कोर पर खेलना शुरू किया और वहीं से शुरुआत की, जहां से उन्होंने छोड़ा था। जो रूट ने 106 रन पर आउट होने से पहले अपना 36वां टेस्ट शतक बनाया, जिसके बाद स्टोक्स ने पारी घोषित कर दी और घरेलू टीम के सामने 583 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। इंग्लैंड के कप्तान ने भी धमाकेदार पारी खेली, जिसके चलते वे 49 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले पारी में जैकब बेथेल (96), बेन डकेट (92) और हैरी ब्रूक (55) ने शानदार अर्धशतक जमाकर इंग्लैंड को 427/6 पर पहुंचाया। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमने अब तक जितने दिन खेले हैं, उनमें हमने अधिक प्रभावशाली क्रिकेट खेला है।

## वोल और पेरी के शतक, सदरलैंड के 4 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 122 रनों से हराया

**ब्रिस्बेन।** युवा जॉर्जिया वोल और अनुभवी एलिस पेरी के शतकों और एनाबेल सदरलैंड के चार विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने रविवार को एलन बॉर्डर फील्ड में भारत को 122 रनों से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। चमकीले मौसम में, अपना दूसरा वनडे खेल रही जॉर्जिया ने 101 रन बनाए - जो इस प्रारूप में उनका पहला शतक है, जबकि एलिस ने 105 रन बनाए - जो उनका तीसरा 50 ओवर का शतक है। फोबे लिचफील्ड (60) और बेथ मूनी (56) के अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की कमजोरी के सामने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 372 रनों का पीछा करना भारत के लिए हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है।



# यमुना का पानी पेट में गया तो किडनी फेल, कैंसर

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

केंद्रीय जल आयोग की स्टेटस ऑफ ट्रेस एंड टॉक्सिक मेटल्स इन इंडियन रिवर्स रिपोर्ट के अनुसार यमुना नदी का पानी न पीने न नहाने न सिंचाई लायक है। क्योंकि यमुना में क्रोमियम, निकिल, लेड, आयरन जैसी भारी धातुएं मानक से ज्यादा हैं। यह लोगों को हृदय, किडनी और कैंसर जैसी बीमारियों की ओर धकेल रही हैं। यह रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर जारी की गई है। केंद्रीय जल आयोग ने आगरा में पोइया घाट के साथ दो जगह तथा मथुरा में एक स्थान पर यमुना नदी के पानी के सैंपल की जांच में इन भारी धातुओं को पाया है। पूरे देश में आगरा व मथुरा उन 187 शहरों में शामिल हैं, जहां नदियों में तीन भारी धातुएं पाई गई हैं। जल आयोग ने नदियों के पानी में आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, कॉपर, आयरन, मरकरी, निकिल, लेड और जिंक धातुओं की जांच की थी, जिसमें आगरा और मथुरा में तीन तीन धातुएं पाई गई हैं, जिन्हें आयोग ने पानी की सबसे खराब गुणवत्ता वाली कैटेगरी में रखा है। यमुना नदी के पानी में भारी धातुओं के घुलकर जहरीला बनाने में इलेक्ट्रोप्लेटिंग इकाइयां, केमिकल फैक्ट्रियों का कचरा, वेल्डिंग, रिफाइनिंग, मेटलर्जी, लकड़ी, कोयला जलाना, फाउंड्री से निकला वेस्ट, पेस्टिसाइड, कचरा डंप करना, ऑटोमोबाइल, डिटर्जेंट, पानी के पाइप, फर्टिलाइजर का इस्तेमाल जिम्मेदार हैं।

### इनसे ये नुकसान

त्वचा रोग, पेट के रोग, अल्सर, फेफड़ों की खराबी, इम्यून सिस्टम कमजोर करने, हृदय रोग, लेड कॉलिक, किडनी, लिवर फेल होने, फेफड़ों का कैंसर, जींस में बदलाव आदि की शिकायतें होने लगती हैं।

### मथुरा में ये धातुएं ज्यादा

| | |
|---|---|
| क्रोमियम | 138.02 |
| क्रोमियम | 0.55 |
| निकिल | 56.04 |

### आगरा में ये धातुएं ज्यादा

दिल्ली से लेकर मथुरा तक इसका पानी बीमारी का घर

| धातु मात्रा | |
|---|---|
| निकिल | 28.87 |
| क्रोमियम | 135.15 |
| लेड | 23.41 |



## सिकंदरा वाटर वर्क्स के पास जांचने के उपकरण ही नहीं

आगरा में जीवनी मंडी और सिकंदरा वाटर वर्क्स हैं। इनमें से सिकंदरा वाटर वर्क्स पर 144 एमएलडी क्षमता का एमबीबीआर प्लांट है। यहां यमुना के पानी का शोधन कर आधे शहर को सप्लाई किया जाता है। भारी धातुओं को जांचने के उपकरण वाटर वर्क्स के पास नहीं है, वहीं जलकल विभाग के पास वाटर वर्क्स पर पानी शोधित करने की पुरानी तकनीक है जो भारी धातुओं को अलग नहीं कर सकती।जलकल विभाग पानी में गंदलापन, रंग, पीएच, टीडीएस, हार्डनेस, कॉलीफॉर्म, ई-कोलाई की ही जांच करता है। इन भारी धातुओं को जांचने के उपकरण है ही नहीं। जलकल महाप्रबंधक अरुणेंद्र राजपूत ने बताया कि यमुना के पानी में अगर भारी धातुएं हैं तो उन्हें जांचने की सुविधा नहीं है। लैब में सैंपल लिए जाते हैं। वाटर वर्क्स से सप्लाई होने वाले पानी में सीवर या गंदे पानी का कोई मिश्रण तो नहीं हुआ, इसे जोनल स्टेशनों पर जांचा जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जब फैक्ट्रियों के वेस्ट को यमुना में छोड़ने पर पूरी तरह से रोक का दावा करता है तो यमुना के पानी में भारी धातुएं इतनी मात्रा में कैसे मिल गईं। यह कागजों पर लगाई रोक की पोल खोलने वाली रिपोर्ट है, जिस पर गंभीरता से कार्रवाई की जरूरत है।

**-डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ, पर्यावरणविद**

## पहली बार लोन लेने वालों की बढ़ रही संख्या

**नई दिल्ली।** देश में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की पहुंच बढ़ने से पहली बार लोन लेने वाले लोंगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। यह जानकारी एक रिसर्च पेपर में दी गई। आईआईएम और आईएसबी के प्रोफेसर्स द्वारा तैयार किए गए पेपर में कहा गया कि वर्ष 2016 में लांच हुए यूपीआई से देश के फाइनेंशियल सेक्टर में बड़ा बदलाव लाया है। पिछले साल अक्टूबर तक इससे 30 करोड़ से ज्यादा लोग और 5 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट्स इससे जुड़े हुए थे। भारत में होने वाले कुल रिटेल डिजिटल लेनदेन में से 75 प्रतिशत यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं। स्टडी में आगे कहा गया कि इस छोटी अवधि में यूपीआई ने देश के फाइनेंशियल सिस्टम पर बड़ा असर डाला है और इसका इस्तेमाल रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल में किया जा रहा है। पेपर के अनुसार, यूपीआई के जरिए वचिंत लोगों तक सेवाओं का विस्तार करने में मदद मिली है, जिसमें सबप्राइम और पहली बार औपचारिक लोन लेने वाले लोग भी शामिल है।

मुंबई में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा

# अगले 2 से 3 वर्षों में देश में तेजी से घटेगी लॉजिस्टिक्स की लागत



- भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता में होगा बड़ा सुधार
- देश 10 वर्षों में वैकल्पिक ईंधन में दुनिया का नेतृत्व करेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले दो-तीन वर्षों में देश में लॉजिस्टिक्स लागत को एकल अंक तक लाना है, जो फिलहाल दोहरे अंक में है। भारत में मौजूदा समय में लॉजिस्टिक्स लागत 14 से 16 प्रतिशत के बीच है। यह अगले दो से तीन वर्षों में घटकर 9 प्रतिशत हो जाएगी। इससे भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता में काफी सुधार होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, सरकार ने लॉजिस्टिक्स सेक्टर की समास्याओं को दूर करने के लिए कई रणनीतिक नीतियां शुरू की हैं, जिसमें 'प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान' (पीएमजीएस-एनएमपी) और 'राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति' (एनएलपी) शामिल हैं। मुंबई में हुए एक इवेंट में केंद्रीय मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें हाइड्रोजन को एक भविष्य के ईंधन के तौर पर देखने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने हाइड्रोजन और सीएनजी के उत्पादन के लिए बायोमास और बायोडाइजेस्टर टेक्नोलॉजी की क्षमता के बारे में लोगों को अवगत कराया।

## सीएम ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ के पिता के निधन पर जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर शोक जताया है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता और नाला से विधायक रवींद्र नाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन की दुःखद सूचना मिली। मरांगबुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।

## विस सत्र के दौरान सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा सत्र नौ दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में चार आईपीएस, 12 से अधिक डीएसपी रैंक के अधिकारी सहित 2000 अतिरिक्त पुलिस जवान की तैनाती की गई है।

ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर ट्रैफिक पोस्ट पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

उल्लेखनीय है कि गत 6 दिसंबर को प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने अपने कार्यालय कक्ष में विधानसभा सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी। प्रोटेम स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे।



### विस परिसर के 200 मीटर परिधि में रहेगी निषेधाज्ञा

षष्ठम झारखंड विस का प्रथम सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान रांची डीसी और एसएसपी के संयुक्तादेश पर विस परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव आदि आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 9 दिसंबर की सुबह 08:00 बजे से 12 दिसंबर की रात 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा। इस दौरान उस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे- बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलने, किसी प्रकार का धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने के साथ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड सरकार के मंत्री ने राजद अध्यक्ष लालू से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के श्रम और उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने पदभार संभालने के बाद रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। साथ ही, मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से भी मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और विचार-विमर्श किया। लालू परिवार के नेताओं ने संजय प्रसाद यादव को राज्य हित और जनहित में काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक गरीबों के उत्थान के लिए काम करें। गांव-गांव जाकर गरीबों के दुख-दर्द को समझें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य, समाज और देश के विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहना होगा एवं काम के माध्यम से विरोधियों को जबाव देना होगा। संजय प्रसाद यादव के साथ राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भी मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### राज्य के विकास लिए अंतिम व्यक्ति तक राजनीतिक चेतना जरूरी : राजेंद्र



**रांची।** रांची स्थित ग्रैंड अकेजन बैंक्वेट हॉल में रविवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्य को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राजेंद्र प्रसाद ने किसी भी समाज के विकास के लिए अंतिम व्यक्ति तक राजनीतिक चेतना पहुंचे, यह प्रयास सभी से करने को कहा। प्रसाद ने कहा कि बहुत जल्द राज्य भर से समाजिक चेतना को लेकर रांची में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया जाएगा। समाज के प्रबुद्ध जन एकत्रित हुए विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा हुई। बालेश्वर साहू ने सामाजिक कल्याण के लिए इस बैठक के आयोजन पर प्रकाश डाला। परिचर्चा में विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इसमें बालेश्वर साहु, शेखर गुप्ता, विजय साहू, रौशन साहू, रामबालक साहु, पंकज कुमार कश्यप, प्रकाश साहु, शेखर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पीयूष कुमार सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में भविष्य में एक राज्य स्तरीय सामाजिक महासम्मेलन करने पर विचार पर विमर्श किया गया। बैठक में हजारीबाग, जमशेदपुर, लातेहार, चतरा, धनबाद, सिमडेगा, रांची एवं रामगढ़ जिले के लोग मौजूद थे।

## झारखंड में 22 दिसंबर से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता अभियान, बोलीं डी पुरंदेश्वरी

# भाजपा सदस्यता अभियान नहीं, संगठन पर्व है

- 15 और 16 दिसंबर को सभी जिलों में होगी जिला स्तरीय कार्यशाला
- 18 और 19 दिसंबर को सभी मंडल भी करेंगे कार्यशाला आयोजित
- 25 दिसंबर को वाजपेयी की जयंती पर होगा विशेष सदस्यता कार्यक्रम



### भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर : लक्ष्मीकांत



प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। कहा कि यह सदस्यता महापर्व का कार्यक्रम मजबूत और संघर्षशील भाजपा बनाने का अवसर है। यह पर्व कार्यकर्ताओं का समाज से संपर्क, संबंध बढ़ाने का अवसर है। यह पर्व नए नेतृत्व को भी गढ़ता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में स्थगित पार्टी का सदस्यता संगठन महापर्व अब 22 दिसंबर से विधिवत प्रारंभ होगा। इसके पूर्व पार्टी ने रविवार को नगड़ी रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें पार्टी के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश सदस्यता अभियान की प्रभारी सांसद डी पुरंदेश्वरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, प्रमंडल प्रभारी, सदस्यता महापर्व की प्रदेश टोली, सभी सात मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सदस्यता महापर्व की जिला टोली, जिला सदस्यता प्रभारीगण शामिल हुए।

कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से सदस्यता दिलाने की चरणबद्ध तरीकों को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञान सदस्यता महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की सदस्यता प्रभारी एवं आंध्र प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं, बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने वर्ष 2014 में ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यता कार्यक्रम को प्रारंभ किया था, जिसमें पूरे देश में 9 करोड़ सदस्य बने थे। आज चार राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर, जिसमें विधानसभा चुनाव के कारण सदस्यता कार्यक्रम स्थगित था, के बावजूद पार्टी ने अबतक देश भर में 11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 11.35 करोड़ सदस्य बना लिए हैं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद यह संख्या 14 करोड़ तक जा सकती है।

पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता, जो ठान लेते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं। कहा कि भाजपा विचारों और कार्यकताओं की धनी पार्टी है। हमारे पास देश के लिए जीने-मरने का जज्बा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय हमारे नेता के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। कहा कि सदस्यता पर्व के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पहुंचना है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व के बाद अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गई है। संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी भाजपा का निर्माण है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता ने पार्टी को पूरा आशीर्वाद दिया है। भले हम विधानसभा चुनाव में संख्या बल में पीछे रह गए, लेकिन 59 लाख लोगों का समर्थन भाजपा को मिला है।

बाबूलाल ने कहा कि चुनाव एक पड़ाव है, लेकिन हम जनता के बीच बार-बार जाएंगे। अपने नीतियों कार्यक्रमों के माध्यम से जाएंगे। सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा ही विकसित झारखंड का आधार है।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि सदस्यता संगठन महापर्व के माध्यम से हमें प्रदेश भर में भाजपा की नई राजनीतिक सुगंध को पहुंचाना है। कहा कि यह पर्व लोकसंग्रह और शक्ति संचय का भी पर्व है। उन्होंने सदस्यता के लिए सभी वर्ग, समाज और प्रबुद्ध जनों तक जाने का आह्वान किया। कहा कि सभी मोर्चा अपने अपने क्षेत्रों में इसका विशेष ध्यान रखें, तो काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की विचार यात्रा भारतीय विचारों से परिपूर्ण है, जबकि समाजवाद, पूंजीवाद, साम्यवाद जैसे विचार विदेशी प्रभाव से प्रभावित है। कहा कि विकसित भारत का संकल्प भारत को गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण को दूर करके ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन अंत्योदय का चिंतन और कार्यान्वयन ही विकसित भारत बनाने में सहायक है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पीपीटी के माध्यम से सदस्यता महापर्व के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तर्ज पर आगामी 15 एवं 16 दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिसमें प्रदेश से नेता शामिल होंगे, जबकि 18 और 19 दिसंबर को सभी 515 मंडलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा। 25 दिसंबर को झारखंड निमार्ता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेश भर में सदस्यता के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## मंईयां सम्मान योजना में स्थिति का अविलंब संज्ञान लें सीएम : मरांडी



*सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, लचर रवैये से सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न चिह्न*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें मंईयां सम्मान योजना में हो रही लापरवाहियों से सशंकित हैं। चार महीनों से लंबित किस्त का भुगतान नहीं होने से इन महिलाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। फॉर्म भरने और जानकारी प्राप्त करने के लिए अंचल कार्यालयों में जाने वाली महिलाओं को अव्यवस्था और लचर प्रणाली का शिकार होना पड़ रहा है। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि इस लचर रवैये ने सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अविलंब स्थिति का संज्ञान लें और चार महीनों के लंबित किस्त भुगतान को सुनिश्चित करने के साथ मंईयां सम्मान योजना की प्रक्रिया को सरल बनाएं, ताकि माताएं-बहनें आसानी से योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## प्रोटेम स्पीकर ने विस अध्यक्ष के पिता के निधन पर जताया शोक



**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन पर शोक प्रकट किया है। गोलक बिहारी महतो 87 वर्ष के थे। उनका स्वर्गवास रविवार को सुबह 7:33 बजे हुआ। स्टीफन मरांडी ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को शांति दें।



## मुख्यमंत्री आवास पर मंत्री व विधायकों की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में रविवार को सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नौ दिसंबर से 12 दिसंबर तक आहूत षष्ठम विधानसभा के प्रथम सत्र के संबंध में सत्ता पक्ष की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

## पुलिस महानिदेशक ने चाईबासा में की नक्सल विरोधी अभियान

# नक्सलियों को सहायता देने वाले लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करें : डीजीपी



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुख्यालय चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। साथ ही, नक्सलियों और अतिवादी संगठनों के सफाए की रणनीति पर भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बात की।

डीजीपी ने समीक्षा बैठक के दौरान चाईबासा एसपी, डीआईजी और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, सरेंडर पॉलिसी आदि पर चर्चा की और कई दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अफसरों को निर्देश दिया गया कि नक्सलियों के साथ-साथ उन्हें सहायता प्रदान करने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। राज्य में करीब तीन दशकों के बाद चुनाव में नक्सली हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई और डीजीपी ने बैठक में इसके लिए सुरक्षा बलों और पुलिस के अफसरों एवं जवानों को बधाई दी।

बैठक के बाद डीजीपी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नक्सलियों का पूरे देश से सफाया हो रहा है। ग्रामीण भी अब जागरूक हो गए हैं। वे नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की मदद कर रहे हैं। राज्य में कुल 65 नक्सलियों और उग्रवादियों की पहचान कर उनके खिलाफ नए सिरे से इनाम की घोषणा की गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य में 95 प्रतिशत नक्सल समस्या का समाधान हो चुका है, जो पांच प्रतिशत समस्या बचा है, चाईबासा जिले में है, जिसे समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द झारखंड को नक्सल मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि लंबे समय से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थापित पुलिस कर्मियों का वहां से स्थानांतरण किया जाएगा।

## झामुमो रांची जिला अध्यक्ष का कार्यकाल 18 को होगा समाप्त

# नई कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा : मुश्ताक आलम



*कहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा का था, हूं और मरते दम तक रहूंगा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम का कार्यकाल आगामी 18 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यह जानकारी उन्होंने चुनावी समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि अपने जिला अध्यक्ष के कार्यकाल में संगठन को बुलंदी तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि संगठन में अभिभावक के रूप में कार्य किया हूं, कभी-कभी कड़ाई करनी पड़ी है। कभी समझाया, कभी डांटा, हमेशा संगठन के हित में निर्णय लिया हूं। खून-पसीने से संगठन को सींचने में कभी पीछे नहीं हटा हूं।

'**राष्ट्रीय नवीन मेल**' के संवाददाता ने उनसे 18 दिसंबर 2024 को कार्यकाल समाप्त होने के संबंध में पूछा, तो उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेवारी दी है, उसे मैंने पूरी लगन और निष्ठा से पूरा किया है। जिले के 18 प्रखंडों के हर पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा, मैं कुछ नही हूं, जिले के सभी मोर्चे और सभी पदाधिकारियों के टीम वर्क के कारण यह हो सका है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद केंद्रीय नेतृत्व जिसे भी जिला अध्यक्ष की जिम्म्वारी दे, वे संगठन को और आगे बढ़ाएं। यह पूछे जाने पर कि नई कमेटी के लिए क्या संदेश देंगे, उन्होंने कहा कि नई कमेटी को मेरी शुभकामनाएं रहेंगी, नई कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। जिस प्रकार पिछले 40 वर्षों से झामुमो का कार्यकर्ता बनकर कार्य किया हूं, आगे भी करता रहूंगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा का था, हूं और मरते दम तक रहूंगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**विधानसभा का पहला सत्र...**

विधानसभा में 82वें विधायक के रूप में एंग्लो इंडियन समुदाय के किसी व्यक्ति को मनोनीत करने की संवैधानिक व्यवस्था अब समाप्त हो गई है। जनवरी, 2020 में संसद में पारित 126वें संविधान संशोधन के जरिए संसद और देश के 13 राज्यों की विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन समुदाय के मनोनयन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी।

**लूटकांड में रांची के...**

और शत्रुघ्न कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया। शत्रुघ्न के घर से लूटे गए गहनों को गलाकर बनाए गए सोने के गोले, दो मोबाइल फोन, ताला तोड़ने के औजार, एक देसी कट्टा और दो गोलियां बरामद हुईं। एसपी ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस को जानकारी मिली कि गैंग का सदस्य उपेंद्र कुमार उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा (29) अपने गांव दूब लौटा है। पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उपेंद्र ने अपने अन्य साथियों की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने गैंग के सरगना सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी (35), पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के पगार खुर्द निवासी छोटू कुमार सिंह (24) और रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के सिमलिया निवासी शत्रुघ्न कुमार वर्मा (34) को गिरफ्तार किया।

**लूटपाट के लिए पलामू...**

रहा है। पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने बताया कि लूटपाट करने से 4 दिन पूर्व आपस में सभी अपराधी मिलकर योजना बनाई थी जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है और अन्य संभावित संदिग्धों की तलाश जारी है।

**जनता के साथ अच्छा व्यवहार...**

शिकायतों को वरीय अधिकारियों (आईजी, डीआईजी, एसपी) के पास दर्ज करा सकें। डीजीपी ने पुलिस अधीक्षक और क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक को भ्रमण के दौरान थानेदारों और थाने पर पदस्थापित मुंशी और अन्य कर्मियों को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया। डीजीपी ने इस संबंध में सीआईडी के आईजी और स्पेशल ब्रांच को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में उनके इकाई से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दें कि वे जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर निगाह रखें। यदि इस तरह कोई दृष्टांत प्रकाश में आता है तो यथाशीघ्र वरीय अधिकारियों को अवगत कराएंगे, ताकि उनके स्तर से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके।

**कमांडर सहित दो नक्सलियों...**

को अंजाम देने वालों में पीएलएफआई कमांडर मोटा टाइगर और गोमिया का नाम सामने आया था। इसी तरह 27 नवंबर की शाम को अज्ञात अपराधियों ने गोइलकेरा भरडीहा बाजार में सेरेंगदा गांव के युवक नमन लोमगा की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। गोइलकेरा थाना क्षेत्र सारुडा गांव से पिछले कई दिनों से लापता एक व्यक्ति की भी नक्सलियों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। इन घटनाओं से आक्रोशित करीब 30 गांवों के लोगों ने दो दिन पहले एकजुट होकर बैठक की और नक्सलियों का मुकाबला करने का निर्णय लिया। इसके बाद समूहों में लोग परंपरागत हथियारों के साथ नक्सलियों की तलाश में निकले। टोडेल-कोमाय जंगल में पीएलएफआई कमांडर मोटा टाइगर और उसके साथी बैठक कर रहे थे। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उनकी जबरदस्त पिटाई की। सूचना के अनुसार, मोटा टाइगर और उसके एक साथी ने दम तोड़ दिया है। कई अन्य नक्सलियों की पिटाई हुई है। घटना की सूचना मिलने पर सोनुवा, आनंदपुर, गोईलकेरा और गुदड़ी थाने की पुलिस जंगल के पास कैंप कर रही है।

**केरल के पादरी जॉर्ज...**

यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में 11 अगस्त 1973 को जन्मे कूवाकड 24 जुलाई को पादरी बने और बाद में प्रतिष्ठित पोंटिफिकल एक्लेसियास्टिकल अकादमी में राजनयिक सेवा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। साल 2006 में उन्होंने अल्जीरिया में अपोस्टोलिक नन्सिएचर में अपने राजनयिक करियर की शुरूआत की। उन्होंने अल्जीरिया, दक्षिण कोरिया, ईरान, कोस्टा रिका और वेनेजुएला में अपोस्टोलिक नन्सिएचर में सेवा की है। केरल की 3.2 करोड़ की आबादी में लगभग 18 प्रतिशत ईसाई हैं, जिनमें कैथोलिक प्रमुख समूह हैं, जो राज्य के 50 प्रतिशत ईसाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




# तानाशाह राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ भागा

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

चाहे सीरिया हो या और कहीं , तानाशाहों की सत्ता जब जाती है तो ऐसे ही जाती है। लंबे समय से चली आ रही तानाशाही या राज ऐसे ही जाता है।विशेषकर मुस्लिम देशों में तो कई तानाशाहों का अंत किस तरह से हुआ यह कर्नल गद्दाफी की मौत से जाना जा सकता है। छात्रों , युवाओं का आंदोलन बढ़ा तो गद्दाफी ने सेना के मार्फत आंदोलन कुचलना चाहा तो सेना में फूट हो गईं।अलग हुई सेना ने अपने ही देश के छात्रों व युवाओं पर गोली चलाने से इनकार करते हुए युवाओं के आंदोलन का जिम्मेदार कर्नल गद्दाफी की तानाशाही को ठहराते हुए युवाओं के आंदोलन के साथ हो लिए। जिसके बाद किस तरह गद्दाफ़ी भागे थे और बचने के लिए नाले में छिपे थे , जहां से खींच करके युवा आंदोलनकारियों ने उनको गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था, यह तानाशाहों के इतिहास में दर्ज है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद भी देश छोड़कर नहीं भागे होते , तो उनका भी हश्र यही होता। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है।

लगभग 50 वर्ष से सीरिया की सत्ता पर किसी न किसी तरह बशर अल-असद परिवार का कब्जा रहा है। पहले इनके पिता राष्ट्रपति , उसके बाद ये । इनके विरूद्ध 2011 में छात्रों के एक गुट ने आंदोलन दारा शहर से शुरू किया। दारा से 100 किमी दूर स्थित सीरिया की राजधानी दश्मिक शहर पर कब्जा करने में आंदोलनकारियों को 13 वर्ष लग गये। इस दौरान कई हज़ार छात्र व युवक मारे गये , बहुतों को ग़ायब कर दिया गया, बहुतों को मारकर लावारिस फेंक दिया गया, फिर भी आंदोलन नहीं दबा।

इससे ही छात्रों का आंदोलन बीच - बीच में और उग्र होता गया और लगातार दमन के बावजूद जारी रहा। और बीते 11 दिनों में पहले से ज्यादा सघन हो गया, विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी।लेकिन विद्रोही लड़ाकों ने रविवार 8 दिसंबर 2024 को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर ही लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई प्रधानमंत्री ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे।सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बीते एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा व होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर खुशी जताते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

**सीरिया** में तानाशाही के विरुद्ध छात्रों, युवाओं के आंदोलन का परिणाम

**बाग़ियों** को दारा से 100 किमी दूर दश्मिक पर क जा करने में लगे 13 साल

**कैसे** नशा के कैप्टागॉन कैप्सूल से मालामाल हुआ असद परिवार?



## 13 सालों से सीरिया में चल रहा गृहयुद्ध

कैप्टागॉन नामक कैप्सूल का इस्तेमाल पहले तो थकान मिटाने वाली दवा के तौर पर किया जाता था, पर जब से लोगों को पता चला कि इसका ज्यादा डोज लेने पर नशा भी होता है, तो बाजार में ग़रीबों, मज़दूरों में भी इसकी बढ़ती गई। अब तो सीरिया की सरकार गिर गई , और असद परिवार के 50 साल के शासन का भी अंत हो गया है। विद्रोहियों के आते ही राष्ट्रपति असद देश छोड़कर भाग गया। सीरिया में गृहयुद्ध 13 सालों से चल रहा है। जब-जब विद्रोह होता है, तो यहां की अर्थव्यवस्था पर चर्चा में एक कैप्सूल कैप्टागॉन की चर्चा ज़रूर होती है।जिसकी वजह से असद परिवार मालामाल हुआ है। कैप्टागॉन नाम की यह गोली एक ड्रग्स है। जिसका उपयोग अवसाद के इलाज के लिए किया जाता है। लेकिन बदहाली को बिसारने के लिए नशे के तौर पर सीरिया के लोग इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। वैसे ही जैसे भारत में बहुत से लोग ड्रग्स लेते हैं। जिसमें बड़े शहरों के गरीब, झुग्गी - झोपड़ी वाले ज़्यादा है।ऐसे ही सीरिया में यह ड्रग्स खूब बिकती है और सीरिया की इकोनॉमी में भी अहम योगदान देती है। यह ड्रग्स सीरिया में एक्सपोर्ट होता है और इसके पीछे राष्ट्रपति बशर अल असद और उनके छोटे भाई का हाथ बताया जाता है। लेकिन सीरिया की सरकार ने इस तरह की सब खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। न्यूलाइन इंस्टीट्यूट की शोध के अनुसार केवल 2021 में ही कैप्टागॉन के अवैध बाजार से 5.7 अरब डॉलर की कमाई हुई। इस गोली का इस्तेमाल केवल सीरिया में ही नहीं किया जाता है बल्कि अरब के देशों में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। जिन देशों में इसका सेवन किया जा रहा है, वहां लंबे समय से राजनीतिक व आर्थिक हालात बहुत अच्छे नहीं हैं, लोगों का जीना मुहाल है। जिन लोगों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है उनमें से ज्यादे को वैसे ही लोगों के संगति में कैप्टागॉन लेने की आदत बन जाती है। इस गोली को खाकर लोग भूख , दर्द , गरीबी, बेरोजगारी , परिवार , बाल - बच्चों की दुर्दशा से निजात पा लेते हैं। यह अन्य ड्रग्स से सस्ती है इसलिए भी इसकी माँग व बिक्री ज्यादे है। अल-असद परिवार ने 1971 से सीरिया पर कंट्रोल किया है। जब हाफिज अल-असद ने बाथ पार्टी के तहत एक तानाशाही शासन की स्थापना की थी। 2000 में हाफिज के मरने के बाद उनके बेटे बशर ने उनकी जगह ली। बीते 13 सालों में सीरियाई गृह युद्ध कभी नहीं रुका। उतार-चढ़ाव के दौर से गुजरता रहा। 27 नवंबर को सीरिया की सरकार के विरूद्ध विद्रोहियों ने अचानक हमला शुरू किया और पहला वार अलेप्पो शहर पर किया गया। इसने असद की सेना को चौंका दिया। यह असद के पतन की उल्टी गिनती साबित हुई।जिसका परिणाम सामने है।

## कौन हैं राष्ट्रपति असद, जिन्हें हटाने के लिए लंबे समय से जारी है विद्रोहियों का खूनी संघर्ष

**बेरूत।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के देश छोड़ देने का दावा कई मीडिया रिपोर्ट्स में विद्रोही गुटों के हवाले से किया जा रहा है। विद्रोही गुटों का यह भी दावा है कि उन्होंने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। आखिर राष्ट्रपति असद कौन हैं और विद्रोही गुट क्यों उनके खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। 59 वर्षीय बशर अल-असद ने 2000 में अपने पिता हाफिज अल-असद की मृत्यु के बाद सत्ता संभाली। उनके पिता 1971 से देश पर शासन कर रहे थे। मीडिया रिपोट्स के मुतबिक दमिश्क में जन्मे अल-असद ने राजधानी में मेडिकल स्कूल से स्नातक किया। वह नेत्र विज्ञान में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए लंदन में पढ़ाई कर रहे थे जब उन्हें अपने भाई की मृत्यु के बाद सीरिया वापस लौटना पड़ा। बड़े भाई बासेल अल-असद देश के नेता के रूप में अपने पिता की जगह लेने वाले थे, लेकिन एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई, जिससे बशर उत्तराधिकारी बन गए। 2011 उनके शासन काल के लिए सबसे अहम साल रहा जब लोकतंत्र की मांग को लेकर हजारों सीरियाई नागरिक सड़कों पर उतर आए, लेकिन उन्हें भारी सरकारी दमन का सामना करना पड़ा।

## कौन है अबू मोहम्मद अल-जुलानी जिसने लंबे संघर्ष के बाद सीरिया में किया तख्तापलट

**दमिश्क।** इस्लामी विद्रोही ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने रविवार को सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के पतन और दमिश्क पर कब्जा करने के बाद 'एक नए युग की शुरूआत' की घोषणा की। अब सभी की निगाहें इसके नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी के अगले कदमों पर टिकी हैं। एचटीएस को पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था और यह अल-कायदा से संबद्ध था। इसे संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों ने आतंकवादी संगठन घोषित किया है। 'स्पेशल डिजाइंड ग्लोबल टेररिस्ट' अबू मोहम्मद अल-जुलानी के सिर पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम है। वह कभी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के संस्थापक और नेता अबू बक्र अल-बगदादी के साथ काम कर चुका है। अहमद हुसैन अल-शरा के रूप में जन्मे जुलानी को मोहम्मद अल-जवलानी और अबू मुहम्मद अल-गोलानी के नाम से भी जाना जाता है। उसने इराक में अल-कायदा के लिए काम किया और अमेरिका की जेल में पांच साल भी बिताए। जुलानी ने अल-कायदा और उसके नेता अयमान अल-जवाहिरी के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

## असद शासन के 'पतन' के बीच इजरायल ने गोलान बफर जोन में की सेना की तैनाती

**तेल अवीव।** इजरायल ने गोलान हाइट्स में इजराइल-सीरिया सीमा पर बफर जोन के भीतर नई जगहों पर अपनी सेना तैनात की है। यहूदी राष्ट्र ने यह कदम सीरिया में असद शासन के पतन के बाद उठाया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस कदम की पुष्टि की है। यह 1974 में एग्रीमेंट ऑन डिसइंगेजमेंट पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से इस तरह की पहली तैनाती है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीरिया में हाल की घटनाओं के बाद स्थिति के आकलन के अनुसार, आईडीएफ ने बफर जोन में और अपनी रक्षा के लिए आवश्यक कई अन्य जगहों पर सेना तैनात की है, ताकि गोलान हाइट्स के लोगों और इजरायल के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पोस्ट में लिखा गया है कि यह कदम एक नए आकलन और 'बफर जोन में बंदूकधारियों के घुसने की संभावना' को देखते हुए उठाया गया है। सुरक्षा बलों ने कहा, हम इस बात पर जोर देते हैं कि आईडीएफ सीरिया में हो रही घटनाओं में हस्तक्षेप नहीं करता है। यह तैनाती सीरिया में महत्वपूर्ण उथल-पुथल के के बीच हुई है।

## जॉर्ज सोरोस के सोसाइटी के पूर्व प्रमुख ने यूनुस से की मुलाकात



**एजेंसी । ढाका**

ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष मार्क मैलोच-ब्राउन ने रविवार को ढाका में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन को हंगरी में जन्मे अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस ने स्थापित किया था। यूनुस के कार्यालय ने एक्स पर बैठक की एक तस्वीर के साथ पोस्ट किया, लॉर्ड मार्क मैलोच-ब्राउन ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार से मुलाकात की। नब्बे वर्षीय सोरोस ने पिछले कुछ वर्षों में, भारत सहित अन्य देशों में राष्ट्रवादी सरकारों को सत्ता से हटाने के अपने इरादे की खुलेआम घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोरोस को भारत की छवि और लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचाने के लिए बार-बार प्रयास करने के लिए 'बूढ़ा, अमीर, जिद्दी और खतरनाक' व्यक्ति बताया था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन ने उन्हें एक 'वामपंथी' व्यक्ति बताया, जिसके पास बहुत सारा पैसा है। उन्होंने कहा कि इस विवादास्पद व्यवसायी के विचारों को कई प्रमुख मुद्दों पर वाशिंगटन के रुख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि ब्राउन-यूनुस की बैठक विदेश सचिव विक्रम मिस्री और बांग्लादेशी समकक्ष जशीम उद्दीन की सोमवार को होने वाली मुलाकात से पहले हुई है। पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों के बीच संबंधों में भारी गिरावट आई है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का तीन दिवसीय रूस दौरा आज से

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर आज मॉस्को रवाना होंगे। इस दौरान 10 दिसंबर को मॉस्को में राजनाथ सिंह




और रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भारत-रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 दिसंबर को कलिनिनग्राद स्थित यंत्रा शिपयार्ड में भारतीय नौसेना की नई बहु-भूमिका वाली स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को कमीशन करेंगे। इस ऐतिहासिक मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ रहेंगे।

## विकसित भारत सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं अपितु लक्ष्य है। हमें गीता का वो ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा। जो एकाग्रता अर्जुन ने दिखाई, अर्जुन की नजर मछली पर नहीं थी, अपने लक्ष्य पर थी। हमें वही नजर, दृष्टि और दृढ़ता रखनी है, ताकि भारत निश्चित रूप से 2047 या इससे पूर्व विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करे। 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव- 2024' में उपराष्ट्रपति ने कहा, "साथी और सारथी की भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह भारत ने पिछले दस वर्षों में देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति, अविश्वसनीय संस्थागत ढांचे का निर्माण और वैश्विक स्तर पर जो सम्मान और दर्जा अकल्पनीय था, वह आज भारत को प्राप्त हो रहा है। भारत की आवाज आज पूरी बुलंदी पर है। हम न केवल एक महाशक्ति हैं, बल्कि हमने एक ऐसा रास्ता भी चुना है, 2047 तक विकसित भारत का रास्ता।" उपराष्ट्रपति ने गीता के उपदेशों से प्रेरणा लेकर शासन और समाज के लिए पंचामृत मॉडल की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "गीता में दिखाए गए पांच मौलिक आदर्श, जिन्हें मैं शासन का पंचामृत कह रहा हूं, हर नागरिक अपना सकता है। इसके लिए केवल एक दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। पहला है सार्थक संवाद। श्रीकृष्ण और अर्जुन का संवाद हमें सिखाता है कि मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, क्योंकि लोग अलग-अलग तरीके से सोचते हैं। हमारे संविधान सभा ने भी मतभेदों का सामना किया, लेकिन उन्होंने वाद-विवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से उन्हें हल किया। दूसरा है व्यक्तिगत शुचिता। जो लोग प्रशासनिक, राजनीतिक या आर्थिक क्षेत्रों में किसी भी जिम्मेदारी वाले पद पर हैं, उनका आचरण आदर्श होना चाहिए। उनका आचरण जनता को प्रेरित करने वाला होना चाहिए। तीसरा है निस्वार्थ यज्ञ भाव। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, 'यज्ञार्थात्कर्मणो', कार्य को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि बड़े हित के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ, मैं सभी से अपील करता हूं 2047 तक विकसित भारत का निर्माण एक महान यज्ञ है। इस यज्ञ में सभी को अपनी शक्ति के अनुसार आहुति देनी चाहिए। चौथा है करुणा। करुणा हमारी 5000 साल पुरानी संस्कृति का निचोड़ है। कोविड संकट के दौरान, भारत ने अपनी करुणामयी संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए 100 से अधिक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराई, जब हम खुद भी चुनौती का सामना कर रहे थे।



## अमित शाह ने जोधपुर में सरदार पटेल की पहली मूर्ति का किया अनावरण

**जोधपुर।** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जोधपुर में पहली मूर्ति का अनावरण किया।सर्किट हाउस के बाहर आयोजित विशेष समारोह में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जोधपुर से गहरा नाता रहा है। अगर वो नहीं होते तो आज शायद जोधपुर पाकिस्तान का हिस्सा होता। यह भी सच है कि अगर सरदार पटेल नहीं होते तो देश की रियासतों का एकीकरण भी संभव नहीं था। उन्होंने ही गुजरात सहित राजस्थान की जोधपुर जैसी रियासतों का भारत में विलय कराया था। साथ ही जोधपुर के एयरवेज को रणनीति रूप से विकसित कराया और यहां के महाराज को विलय के लिए राजी कराया।



## सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पीएससी की पूर्व परीक्षा नियंत्रक को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को पूछताछ के बाद तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक रहीं आरती वासनिक को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई दो दिनों से आरती वासनिक से पूछताछ कर रही थी। सीबीआई ने दो दिन पहले आरती वासनिक के राजनंदगांव स्थित आवास पर छापे मारे थे, जिसमें कुछ अहम सबूत मिले हैं। इसी आधार पर सीबीआई ने आरती वासनिक को रविवार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने अपनी जांच में पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन आईएएस टामन सोनवानी और व्यवसायी श्रवण गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जो अभी न्यायिक हिरासत में जेल में है।



## बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर नोएडा में उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी । नोएडा**



**आक्रोशित** सभा में व्यक्त किया आक्रोश

बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध अत्याचार, अनाचार और संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को नोएडा सेक्टर 33ए के पार्क में हिन्दू समाज का सैलाब उमड़ पड़ा। आक्रोशित सभा मे वक्ताओं ने कहा कि बंग्लादेश में सुनियोजित तरीके से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। सनातन धर्म रक्षा समिति की अगुवाई में अयोजित आक्रोशित सभा मे सनातन हिंदू समाज से हजारों की संख्या मे पूरे जिले से गांव- देहात, सोसाइटी और शहर से सनातन समाज के लोग बड़ी भारी संख्या में एकत्रित हुए। इस अवसर पर बिग्रेडियर संजय अग्रवाल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रतीकों को नष्ट किया जा रहा है। बांग्लादेश को इस्लामीकरण की तरफ सुनियोजित तरीके से धकेला जा रहा है। बिग्रेडियर अग्रवाल ने कहा कि हमारे शास्त्र बताते हैं कि अपने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना उचित ही नहीं धर्म संगत भी है, हम तभी सुरक्षित हैं जब हमारा धर्म सुरक्षित होगा। नोएडा इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता बुद्धिमत्ता दास ने कहा हम यह आंदोलन बांग्लादेश में इस्कॉन संस्था के लिए नहीं अपितु पूरे जीव मर्म की सुरक्षा के लिए कर रहे हैं। अगर भारत चाह ले तो बांग्लादेश की कोई हैसियत नहीं है कि वह हिंदुओं के ऊपर अत्याचार कर सके। कृपाशंकर ने कहा कि आज भारत खड़ा हो चुका है, अब ये जनआक्रोश खाली नहीं जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि जनजागरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाये। बाबा बालक नाथ शक्ति पीठके धीरज राणा ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहा है, उसके लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा। हिंदू संगठनों ने इस गंभीर मुद्दे को भारत सरकार के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पटल पर रखने की बात कही। वक्ताओं ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि विश्व के मानवाधिकार संगठन बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ चुप्पी कैसे साध सकते हैं। आक्रोश सभा में फलाहारी बाबा अजय वीरजी, योगी धनंजय, धनराज गिरी, आचार्य प्रेमानंद ब्रह्मचारीजी महंत स्वामी संतोष गिरी, बालाजी धाम पीठेश्वर मुकेशनंद महाराज, महंत बनवारी गिरी सेक्टर 128, बाबा शीतल गिरी, अनुराग महाराज हनुमान धाम पीठाधीश्वर बरौला, आचार्य उपेन्द्र तिवारी के साथ साथ कई हिंदू संगठनों के प्रमुख और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हरियाणा के शाहाबाद में रात को सोते वक्त जज के रीडर समेत परिवार के चार लोगों की हत्या

**एजेंसी। कैथल**

जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत यारा गांव में रहने वाले कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर, उनकी पत्नी, बेटा और बहू की घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात हत्या कर दी, जबकि 13 वर्षीय पौत्र गंभीर रूप से घायल है। सभी के गले को तेज धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शाहाबाद के यारा गांव में रहने वाले नैब सिंह कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर थे और पत्नी, बेटा-बहू और पौत्र के साथ रहते थे। बीती रात उनके घर में घुसे अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने नैब सिंह, उनकी पत्नी इमरित कौर, शाहाबाद कोर्ट में कार्यरत बेटा दुष्यंत, बहू अमृत कौर और 13 वर्षीय पौत्र केशव पर वार कर दिया और रक्तरंजित हालत में छोड़ कर फरार हो गए।

रोजना की तरह रविवार सुबह जब नैब सिंह के घर से कोई हलचल और बाहर ना निकलने पर पड़ोसियों ने गेट खटखटाया। कोई आहट ना मिलने पर इलाकाई लोग इकठ्ठा हुए और गेट तोड़कर अंदर गए, जहां नैब सिंह और उसकी पत्नी लहुलूहान अवस्था में मृत पड़े थे। जबकि पहली मंजिल में बेटा दुष्यंत और बहू अमृत कौर के साथ पौत्र केशव भी रक्तरंजित हालत में था। घटना देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

